वर्ष 24, अंक 154, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 13 दिसंबर 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# जनगणना पर मोदी सरकार का बड़ा कदम, 11718 करोड़ का बजट मंजूर

## दो चरणों में क्रियान्वयन अप्रैल 2026 से शुरू होगा



**नई दिल्ली**

**एक** ऐतिहासिक फैसले में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जनगणना 2027 के लिए 11,718 करोड़ रुपये के भारी भरकम आवंटन को मंजूरी दे दी है, जो भारत की मूलभूत डेटा-संग्रह प्रक्रिया को आधुनिक बनाने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह महत्वपूर्ण निवेश देश की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना को शक्ति प्रदान करेगा, जिससे सदियों पुरानी कागजी प्रक्रिया को सुगम मोबाइल और वेब-आधारित प्रक्रियाओं में परिवर्तित किया जा सकेगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस मंजूरी की घोषणा करते हुए बताया कि कैसे यह देश को तीव्र शहरीकरण और तकनीकी बदलावों के बीच सटीक जनसांख्यिकीय जानकारी प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा। यह निधि ऐप विकास से लेकर राष्ट्रव्यापी डिजिटल बुनियादी ढांचे तक सब कुछ कवर करती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि भारत का कोई भी कोना पीछे न छूटे। अश्विनी वैष्णव ने आगे बताया कि जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित की जाएगी - अप्रैल और सितंबर 2026 के बीच घरों की सूची तैयार करना और फरवरी 2027 में जनसंख्या की गणना करना। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में खुलासा किया कि जनगणना 2027 में पारंपरिक तरीकों को छोड़कर अत्याधुनिक डिजिटल उपकरणों का उपयोग किया जाएगा। जनगणना कर्मी जमीनी स्तर पर डेटा एकत्र करने के लिए मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करेंगे, जबकि उत्तरदाता एक उपयोगकर्ता-अनुकूल वेब पोर्टल के माध्यम से स्वयं गणना करने में सक्षम होंगे। एक केंद्रीय समर्पित पोर्टल संपूर्ण प्रक्रिया की निगरानी करेगा, जिससे वास्तविक समय में निगरानी और गुणवत्ता जांच संभव हो सकेगी। राय ने इस बात पर जोर दिया कि यह हाइब्रिड दृष्टिकोण–क्षेत्रीय दौरों और ऑनलाइन विकल्पों का मिश्रण–प्रक्रिया को समावेशी, कुशल और पिछली जनगणनाओं में व्याप्त त्रुटियों की संभावना को कम करता है।

भारत के विशाल भूगोल को ध्यान में रखते हुए जनगणना दो सुनियोजित चरणों में की जा रही है। पहला चरण, मकानों की सूची और आवास जनगणना, अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच शुरू होगा और लचीलेपन के लिए प्रत्येक राज्य में मात्र 30 दिनों में पूरा हो जाएगा। दूसरा चरण, जनसंख्या गणना, फरवरी 2027 में होगा, जिसका संदर्भ समय 1 मार्च 2027 को 12:00 बजे माना जाएगा। हिमपात वाले क्षेत्रों के लिए विशेष प्रावधान लागू हैंः लद्दाख, जम्मू और कश्मीर के कुछ हिस्से, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के लिए जनगणना सितंबर 2026 में होगी, जिसका संदर्भ समय 1 अक्टूबर होगा।

# जंग में हिंदू मंदिर को नुकसान, एक्शन में आया भारत



**नई दिल्ली**

**विदेश** मंत्रालय (एमईए) ने हाल ही में थाईलैंड-कंबोडिया संघर्ष के दौरान प्रेह विहार हिंदू मंदिर को हुए नुकसान पर चिंता व्यक्त की है। यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, 1,100 साल पुराने इस मंदिर को दोनों पड़ोसी देशों के बीच फिर से शुरू हुए सीमा संघर्ष के दौरान नुकसान पहुंचा है। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दोनों देशों के बीच हाल ही में बढ़े तनाव पर चिंता व्यक्त की। बयान में विदेश मंत्रालय ने कहा कि संरक्षण सुविधाओं को कोई भी नुकसान दुर्भाग्यपूर्ण है और चिंता का विषय है।

रणधीर जायसवाल को मंदिर की सुरक्षा के लिए उठाए जा रहे कदमों पर भरोसा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल ने कहा कि यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, प्रेह विहार मंदिर, मानवता की साझा सांस्कृतिक विरासत है। भारत इसके संरक्षण में सक्रिय रूप से शामिल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि इस स्थल और संबंधित संरक्षण सुविधाओं की पूर्ण सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। हम दोनों पक्षों से एक बार फिर संयम बरतने और शत्रुता समाप्त करने तथा तनाव को और बढ़ने से रोकने के उपाय करने की अपील करते हैं। हम उनसे संवाद और शांति के मार्ग पर लौटने का आग्रह करते हैं। कंबोडिया और थाईलैंड के बीच झड़पें फिर से शुरू हो गईं, जिससे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मध्यस्थता से जुलाई में पांच दिनों तक चले क्षेत्रीय विवादों पर हुए संघर्ष के बाद संपन्न हुआ युद्धविराम समाप्त हो गया। थाई सेना ने गुरुवार को बताया कि कंबोडिया के साथ थाईलैंड की सीमा पर भीषण संघर्ष के दौरान तीन थाई नागरिक मारे गए। यह घटना पिछले सप्ताह हुई एक झड़प के बाद भड़की व्यापक लड़ाई के बाद हुई, जिसमें दो थाई सैनिक घायल हो गए थे।

# मुकेश सहनी का बड़ा बयान, 'जब भी बनूंगा, डिप्टी सीएम...'

**बिहार**

**बिहार** विधानसभा चुनाव के नतीजों पर वीआईपी चीफ मुकेश सहनी ने विस्तार से अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि वो जब भी बनेंगे डिप्टी सीएम ही बनेंगे. उन्होंने कहा कि चुनाव में कहां गलती हो गई इसकी समीक्षा होगी लेकिन हम संघर्ष करने वाले लोग हैं और इसे जारी रखेंगे. बिहार के सीएम नीतीश कुमार को लेकर उन्होंने कहा कि वो मुख्यमंत्री की इज्जत करते हैं और करते रहेंगे. लेकिन साथ ही ये भी कहा कि अब नीतीश कुमार अस्वस्थ हो चुके हैं. तबीयत ठीक नहीं होने के बावजूद वो कुर्सी से प्यार कर रहे हैं. अब उन्हें रिटायर हो जाना चाहिए.

नीतीश कुमार न्यौता दें तो साथ जाएंगे?

क्या नीतीश कुमार न्यौता दें तो साथ जाएंगे, इस सवाल पर उन्होंने कहा कि कोई खैरात नहीं चाहिए, हम संघर्ष करेंगे और हासिल करेंगे. जब उनसे सवाल किया गया कि आरजेडी या कांग्रेस, किसके साथ ज्यादा कंफर्टेबल हैं।

# पूरे साल कैपिंग असंभव

## संसद में नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने बताया, क्यों नहीं फिक्स हो सकता फेयर रेट




**नई दिल्ली**

**नागरिक** उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि सरकार के लिए पूरे देश में हवाई किराए पर सीमा लगाना व्यावहारिक नहीं होगा, क्योंकि एक अनियंत्रित बाजार अंततः उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाता है और फेस्टिवल सीजन के दौरान टिकटों की कीमतें आमतौर पर बढ़ जाती हैं।

फेस्टिवल सीजन के दौरान विशिष्ट मार्गों और विशेष समयों पर मांग बढ़ने के कारण हवाई किराए में आमतौर पर वृद्धि होती है। ये उतार-चढ़ाव मौसमी होते हैं, और किसी भी विशेष मार्ग पर पूरे वर्ष के लिए किराए को स्थिर रखना संभव नहीं है। बाजार की मांग और आपूर्ति स्वाभाविक रूप से हवाई किराए को नियंत्रित करती हैं।

मंत्री के अनुसार, जब उदारीकरण की शुरूआत हुई थी, तब इसका उद्देश्य इस क्षेत्र को विकसित होने देना था।" उन्होंने आगे कहा, "जिन देशों ने असाधारण वृद्धि देखी है, उन सभी ने बाजारों को उदारीकृत किया है। इससे अधिक कंपनियों को प्रवेश करने का प्रोत्साहन मिलता है और सहयोग के द्वार खुलते हैं। इससे बाजार की गतिशीलता को स्वाभाविक रूप से काम करने की अनुमति मिलती है, जिससे मांग और आपूर्ति अपनी स्वाभाविक भूमिका निभा पाती हैं। अंततः, इसका सबसे अधिक लाभ यात्रियों को ही मिलता है।

इंडिगो संकट के बीच हवाई किराए को विनियमित करने के लिए पेश किए गए एक निजी विधेयक पर प्रतिक्रिया देते हुए।

# दिल्ली के कालकाजी में तीन लोगों ने की आत्महत्या, घर में पंखे से लटके मिले शव



**नई दिल्ली**

दिल्ली के कालकाजी में एक ही परिवार के तीन लोगों ने आत्महत्या कर ली. दिल्ली पुलिस को शुक्रवार (12 दिसंबर) को घर के अंदर तीनों बॉडी पंखे से लटके मिले. पुलिस को मौके से सुसाइड नोट मिला. पुलिस ने बताया कि ये लंबे समय से डिप्रेशन का सामना कर रहे थे. मृतकों को पहचान अनुराधा कपूर, आशीष कपूर और चैतन्य कपूर के रूप में हुई है. बार-बार दस्तक के बाद दरवाजा न खुलने पर डुप्लीकेट चाबी से घर में एंट्री की गई. शवों को अक्क्ष्टर मोर्चरी भेजा गया. सेक्शन 194 इठरर में कार्रवाई जारी है. पुलिस घटनास्थल से सबूत जुटाने और कारणों की गहराई से जांच में जुट गई है।

# महाराष्ट्र में माइक्रोसॉफ्ट का भारी निवेश, अकहब, 45 हजार लोगों के लिए रोजगार



**महाराष्ट्र**

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्य नडेला से मुलाकात की और भारत के पहले एआई-संचालित प्लेटफॉर्म महाक्राइमओएस एआई का अनावरण किया, जिसका उद्देश्य साइबर अपराधों की जांच में तेजी लाना है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने फेसबुक पर लिखा कि महाराष्ट्र ने डिजिटल सुरक्षा के क्षेत्र में एक नया मानक स्थापित किया है। #अक्ळङ्ग४१२ट४ुं में सत्य नडेला से मिलकर बेहद खुशी हुई, जहां हमने महाक्राइमओएस एआई का अनावरण किया - भारत का पहला एआई-संचालित प्लेटफॉर्म, जिसका उद्देश्य साइबर अपराधों की जांच में तेजी लाना है।

23 पुलिस स्टेशनों से 1100 तक विस्तार; नागपुर से राज्यव्यापी स्तर तक, महाराष्ट्र नागरिक सुरक्षा के लिए एआई-संचालित शासन को बढ़ावा दे रहा है! उन्होंने मुलाकात की तस्वीरें भी साझा कीं।

राज्य सरकार के अनुसार, महाराष्ट्र साइबर अपराधों की जांच में तेजी लाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता-संचालित प्लेटफॉर्म से अपनी पुलिस को लैस करने वाला पहला भारतीय राज्य बन गया है। महाक्राइमओएस एआई नामक एआई-संचालित प्रणाली का अनावरण मुंबई में माइक्रोसॉफ्ट एआई टूर में किया गया, जो भारत के डिजिटल पुलिसिंग प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## महिला ने मैनेजर और बाउंसर्स पर मारपीट का दावा

# रोमियो लेन क्लब पर नए हमले के आरोप




**गोवा**

**गोवा** के बर्च बाई रोमियो लेन नाइटक्लब में लगी भीषण आग की घटना के कुछ ही दिनों बाद अब क्लब प्रबंधन पर नए आरोप सामने आए हैं। मौजूद जानकारी के अनुसार, नवंबर में क्लब का दौरा करने वाली वैभवी नाम की एक महिला ने दावा किया है कि क्लब के मैनेजर, सिक्योरिटी स्टाफ और बाउंसरों ने उनके परिवार पर शारीरिक हमला किया था। यह आरोप उस समय और गंभीर हो जाते हैं जब हाल ही में इसी क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत हुई थी।

बता दें कि वैभवी ने बताया कि वह पिछले महीने वागाटोर स्थित रोमियो लेन बीच शैक गई थीं। उनके अनुसार क्लब की जगह बेहद संकरी थी और वहां सिर्फ एक ही एंट्री और एक ही एक्ज़िट थी, वो भी ऊंचाई पर, जिससे अंदर-बाहर निकलना मुश्किल हो जाता था। उन्होंने कहा कि जब वे रात करीब 3 बजे क्लब से निकल रही थीं, उनके रास्ते में एक भारी कुर्सी पड़ी थी जिसे उनके कज़िन ने पैर से एक तरफ किया। इसी बात पर मैनेजर ने उन पर ह्यफर्नीचर खराब करनेह्न का आरोप लगाते हुए बदसलूकी की और कहा कि ह्लआपको पहले ही बाहर फेंक देना चाहिए था, आपका यहां कोई स्टेटस नहीं है।

गौरतलब है कि वैभवी का आरोप है कि मैनेजर ने उनके कज़िन की कॉलर पकड़ ली और जब परिवार ने माफी मांगकर बाहर निकलने की कोशिश की तो उसने सभी सिक्योरिटी कर्मियों और बाउंसरों को बुला लिया। उन्होंने कहा कि स्टाफ ने उन्हें क्लब से बाहर निकलने नहीं दिया और सीढ़ियों पर उनका रास्ता रोककर हमला किया। वैभवी ने बताया कि उनकी बहन को सीने पर चोट मारी गई और धक्का देकर सीढ़ियों से गिरा दिया गया। वहीं उनके भाई पर एक बाउंसर ने लोहे की रॉड से हमला किया।

# वायु प्रदूषण पर संसद में राहुल गांधी ने सरकार- विपक्ष की संयुक्त कार्रवाई




**नई दिल्ली**

संसद में शुक्रवार को वायु प्रदूषण पर एक गंभीर और सीधे मुद्दे की बातचीत शुरू हुई है, जिसमें विपक्ष और सरकार पहली बार बिना टकराव के आगे बढ़ने की इच्छा दिखाते नजर आए हैं। मौजूद जानकारी के अनुसार, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश में बिगड़ती हवा की गुणवत्ता पर तात्कालिक और सर्वदलीय चर्चा की मांग करते हुए कहा कि यह ऐसा मुद्दा है जिस पर राजनीति नहीं, बल्कि साझा प्रयासों की आवश्यकता है।

राहुल गांधी ने कहा कि देश के कई बड़े शहरों में लोग जहरीली हवा की चादर के नीचे जीवन बिताने को मजबूर हैं। उन्होंने चिंता जताई कि लाखों बच्चे फेफड़ों की बीमारियों से जूझ रहे हैं, बुजुर्ग सांस लेने तक में संघर्ष कर रहे हैं और कैंसर जैसे मामलों में भी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है।

# तेज प्रताप यादव का बड़ा ऐलान, इन दो राज्यों के विधानसभा चुनाव में उतारेंगे उम्मीदवार

**पटना**

**जनशक्ति** जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव ने बड़ा ऐलान किया है. उन्होंने कहा कि हम अपनी पार्टी का लगातार विस्तार कर रहे हैं. पश्चिम बंगाल में भी हमारी पार्टी चुनाव लड़ेगी और 2027 में भी हम यूपी में भी चुनाव लड़ेंगे. अभी कोई सुरक्षित नहीं है. हम भी सुरक्षित नहीं हैं. कोई भी आकर हमला कर सकता है. हम अपनी बहन के साथ पूरी तरह से खड़े हैं. हमारी सरकार से मांग है की जो लोग सड़क किनारे मेहनत मजदूरी करके रह रहे हैं उनको भी उचित घर की व्यवस्था की जाए. राष्ट्रीय स्तर की पार्टी बनानी है-




तेज प्रताप यादव

पटना में शुक्रवार (12 दिसंबर) को पार्टी की सदस्यता अभियान को लेकर मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा, "हमारा लक्ष्य है कि सदस्यता अभियान के तहत पूरे देश में पार्टी का सदस्य बनाना है. लोग पार्टी-संगठन से जुड़ रहे हैं. हर राज्य में पार्टी को फैलाना है. राष्ट्रीय स्तर की पार्टी बनानी है."

सड़क किनारे रहने वाले लोगों के लिए व्यवस्था हो- तेज प्रताप

बिहार में बुलडोजर एक्शन पर तेज प्रताप यादव ने कहा, "सरकार से हमारी मांग है कि जो गरीब सड़क के किनारे रह रहे हैं उनके लिए कोई व्यवस्था की जाए. उनके छोटे छोटे बच्चे हैं. उनके लिए भी व्यवस्था हो, उन्हें भी कहीं रोजी रोजगार मिले."

जन शक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव ने कहा, "हमारा लक्ष्य है कि हमें पूरे देश में सदस्य बनाने हैं और लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं...हमें इसे राष्ट्रीय स्तर की पार्टी बनाना है।

# अखिलेश के PDA की तोड़?

## यूपी BJP अध्यक्ष की रेस में है नाम, संसद में दीपेंद्र हुड्डा ने भी दे दी बधाई




**उत्तर प्रदेश**

**लोकसभा** में चर्चा के दौरान कांग्रेस के सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने केंद्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी को बधाई दी। हुड्डा ने कहा कि आपकी पार्टी में पदोन्नती होने जा रही है, बधाई हो। सूत्रों की मानें तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पंकज चौधरी को पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई का अध्यक्ष नियुक्त कर सकती है। चौधरी वर्तमान में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री हैं और उत्तर प्रदेश के महाराजगंज से लोकसभा सांसद हैं। चौधरी ओबीसी समुदाय से हैं और सूत्रों के अनुसार, वे उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार के रूप में उभरे हैं। भगवा पार्टी 14 दिसंबर को इस संबंध में घोषणा कर सकती है। वर्तमान में भूपेंद्र सिंह चौधरी उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हैं। चौधरी राज्य में विधान परिषद के सदस्य हैं और एक प्रमुख जाट नेता हैं। उन्होंने अगस्त 2022 में स्वतंत्र देव सिंह के बाद अध्यक्ष पद संभाला था। चौधरी ने 2 दिसंबर को अमेठी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा हमारे पास अब 2.5 करोड़ से अधिक सक्रिय सदस्य हैं।

स्थानीय समिति के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। 98 जिलों में से हमने 84 जिला अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। हमारा संगठन नए प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है।

मैदान में अन्य उम्मीदवार

इस बीच, भाजपा की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पद के लिए मैदान में उतरे अन्य उम्मीदवारों में पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, राज्यसभा सांसद बीएल वर्मा, राज्य मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और धर्मपाल सिंह शामिल हैं। चौधरी की तरह ज्योति भी ओबीसी हैं और निषाद समुदाय से संबंध रखती हैं। वर्मा भी ओबीसी हैं, लेकिन वे लोधी समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं। अगले साल होने वाले स्थानीय निकाय चुनावों और 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए, भाजपा द्वारा उत्तर प्रदेश में किसी ओबीसी नेता को अपना अध्यक्ष नियुक्त करने की प्रबल संभावना है। 2022 के चुनावों में, भाजपा ने 403 सदस्यीय विधानसभा में 255 सीटें जीतकर लगातार दूसरी बार सत्ता बरकरार रखी।

# महापौर ने काशी तमिल संगम के सदस्यों के प्रयागराज आगमन पर उनका स्वागत एवं हुआ अभिनंदन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** काशी तमिल संगमम् यात्रा दल के सदस्यों के शुक्रवार को जनपद प्रयागराज आगमन पर महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह के द्वारा तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर टीम के सदस्यों का भव्य रूप से स्वागत किया गया। इस अवसर पर संगम क्षेत्र के वीआईपी घाट के पास आयोजित कार्यक्रम में महापौर जी के द्वारा दल के टीम लीडर को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया तथा गंगा जल भेंट किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अभिलेखागार एवं राजकीय पांडुलिपि पुस्तकालय द्वारा अभिलेख एवं पांडुलिपियों की प्रदर्शनी भी लगायी गयी, जिसमें कागज तथा ताड़पत्र के पौराणिक ग्रंथो के प्रदर्श

**काशी तमिल संगमम् यात्रा सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक एकता की सबसे बड़ी शक्ति-मा0 महापौर**

**काशी तमिल संगमम यात्रा से सांस्कृतिक आदान-प्रदान का मिल रहा अवसर-जिलाधिकारी**

विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर एन0सी0जेड0सी0सी0 द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी की गयी।इस अवसर पर महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी ने संगम नगरी प्रयागराज में काशी तमिल संगमम् के अन्तर्गत तमिलनाडू से आए लोगो का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि काशी तमिल संगमम् यात्रा प्रधानमंत्री जी के उस भारत का प्रतीक है, जहां सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक एकता







ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। यह यात्रा सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उत्तर और दक्षिण भारत की संस्कृति को जोड़ने वाला एक सेतु है। उन्होंने कहा कि ह्यह्यकाशी तमिल संगमम् यात्रा माननीय प्रधानमंत्री जी की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसने भाषा, संस्कृति और क्षेत्रीय भिन्नताओं के नाम पर फैलाए गए भ्रमों को दूर किया है। उन्होंने कहा कि काशी की आध्यात्मिक धरा और तमिलनाडु की सांस्कृतिक विरासत संगम पर मिलकर एक भारत का भव्य चित्र प्रस्तुत कर रही है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि काशी तमिल संगमम यात्रा में प्रयागराज पहुंचे सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि हमारे लिए यह गौरव का विषय है कि इस यात्रा में सम्मिलित सदस्य काशी से प्रयागराज पहुंच रहे है और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का अवसर मिल रहा है। काशी तमिल संगम टीम के सदस्यों को सुसज्जित नावों के द्वारा वीआईपी घाट से संगम ले जाकर मां गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती के संगम का अवलोकन/स्नान कराया गया तथा तीर्थराज प्रयागराज के महत्व के बारे में बताया गया। संगम क्षेत्र के अद्भुत एवं मनोहारी दृश्य देखकर सदस्यगण मंत्रमुग्ध हो गये। सदस्यगणों के द्वारा संगम क्षेत्र में वीआईपी घाट पर बनाये गये सैण्ड आर्ट का अवलोकन किया गया। संगम क्षेत्र कार्यक्रम के पश्चात काशी तमिल संगमम् टीम के सदस्यगणों ने लेटे हनुमान जी का दर्शन एवं पूजन किए। इसके उपरांत टीम के सदस्य शंकर विमान मण्डपम मंदिर, स्वामी नारायण मंदिर भी गये। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 प्रभाकर त्रिपाठी के द्वारा किया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशन व नगर मजिस्टेट विनोद कुमार सिंह एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों के द्वारा काशी तमिल संगमम् यात्रा के दूसरे दल के सदस्यों की यात्रा को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 प्रभाकर त्रिपाठी ने किया है। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह, प्रा०सहायक राकेश कुमार वर्मा, हरिशचंद्र दुबे सहित बड़ी संख्या लोग उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में प्रतियोगी छात्र की मौत

## रैपिडो बाइक से वापसी में हुआ हादसा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज कानपुर हाईवे पर हाईकोर्ट के एकलव्य चौराहे पर देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में प्रतियोगी छात्र आरजू यादव (24) की मौत हो गई। मूलरूप से गोपरी चांदपुर, थाना जैदपुर, अंबेडकरनगर निवासी आरजू पिछले 6 साल से सलोरी में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था।शाम करीब 6 बजे वह कमरे से बाहर निकला था। देर रात तक जब वापस नहीं लौटा तो दोस्तों की चिंता बढ़ने लगी। फोन मिलाने पर हादसे की सूचना मिली। बताया गया कि वह रैपिडो बाइक से रात करीब 10:30 बजे लौट रहा था। इसी दौरान ट्रक और बाइक की टक्कर में उसकी मौके



पर ही मौत हो गई।हादसे की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। शुक्रवार को परिजनों को शव सौंप दिया गया।आरजू के दोस्त ने बताया शाम को उसने कहा था कि दस बजे तक आ जाऊंगा। जब दोबारा बात हुई तो उसने रैपिडो ले लिया था। काफी देर होने पर हमने फोन किया तो पता चला कि उसका एक्सीडेंट हो गया है। आज उसका रेलवे का पेपर था।मकान मालिक प्रीति ने कहा आरजू दो साल से हमारे यहां रह रहा था। उसने फोन कर कहा था कि गेट बंद न कीजिएगा, लेट हो जाएगा। हादसे की खबर सुनकर पैरों तले जमीन खिसक गई।ट्रक चालक और बाइक चालक दोनों हिरासत में पुलिस के मुताबिक रैपिडो बाइक बेकाबू हो गई, जिसकी वजह से वह ट्रक की चपेट में आ गया। ट्रक चालक और बाइक चालक दोनों को हिरासत में ले लिया गया है। संबंधित वाहनों को सीज कर दिया गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# सदी के महानायक अमिताभ बच्चन सच में हैं शहंशाह उनकी सफलता है अतुलनीय : जय शुक्ला

**मेजा दिघिया गांव निवासी एवं अवादा ग्रुप के डायरेक्टर जय भईया जी ने फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार एवं सदी के महानायक अमिताभ बच्चन से की गौरवशाली मुलाकात प्रयागराज के कई मुद्दों पर साझा की जानकारी**

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** बेहद गौरवशाली एवं बहुत ही सुखद मुलाकात तथा अति सुंदर छवि थी जब मेजा के अपने जय भैया जी सदी एवं फिल्म इंडस्ट्रीज के महानायक श्री अमिताभ बच्चन जी से मिले। इसके पहले भी दो बार बहुत करीबी मौका था लेकिन मेजा के मान सम्मान और स्वाभिमान निरंतर आगे बढ़ाने वाले जय भईया मुलाकात श्री बच्चन से नहीं हो पाई थी। जिसके बाद उन्होंने केबीसी में अवादा का एडवर्टिजमेंट दिया और सदी के महानायक अमिताभ जी से मुलाकात की गुजारिश की जिसके लिए वो सहर्ष तैयार हो गए। लगभग १० मिनट तक उनसे बात हुई, बेहद विनम्र शख्सियत के




श्री बच्चन जी की जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है। उल्लेखनीय है कि सन 1984 में इलाहाबाद में लोक सभा के चुनाव के समय, मेजा के लाल जय शुक्ला भारतगंज के नर्सरी स्कूल में पढ़ाई करते थे, स्कूल के बच्चों को चार बजे सड़क किनारे एक लाइन में खड़ा किया गया क्यूंकि अमिताभ जी लोक सभा के प्रत्याशी थे आने वाले थे किंतु शाम के पांच बजे तक वो नहीं आए तब जय भईया जी को वहां से मछहा तक तीन किमी तक पैदल जाना पड़ता था उस समय भी जय भईया जी को बिना अमिताभ जी को देखे घर घर जाना पड़ा था! श्री शुक्ल के अनुसार हाल के कुछ वर्ष पहले ही जय भईया जी ने अमित जी के लिए एक सोलर प्रोजेक्ट बनाया और उनके सामने प्रेजेंट करना चाहते थे लेकिन उस वक्त भी मुलाकात नहीं हो पायी थी। गौरतलब है कि मुलाकात के दौरान इन सब वाकयों को उन्होंने अमिताभ जी से विस्तार पूर्वक साझा किए जिसे उन्होंने बड़े ही ध्यान से सुना। इसके अलावा कई अन्य मुद्दों पर भी लगभग बातचीत हुई। इस दौरान जय भईया जी ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि अमिताभ बच्चन जी सच में शहंशाह हैं उनकी सफलता बेहद अतुलनीय एवं अप्रत्यासित है। उन्होंने आगे बताया कि सदी के महानायक श्री अमिताभ जी सहजता ही उन्हें महानतम बनाती है। श्री शुक्ल ने फिल्म स्टार अमिताभ जी के इस मुलाकात को बेहद गौरवशाली बताते हुए उन्हें दिल से नमन किया है।

## धान कुटाई से उठ रहे धूल को लेकर मार पीट मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मशीन से धान की कुटाई करते समय उठ रहे धूल को लेकर घर में घुसकर मारा पीटा गया। जिसमें तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम शहबाजपुर निवासी फूलचंद्र पटेल पुत्र समय लाल का कहना है कि वह अपने सेहन दरवाजे पर मशीन लगा कर धान की कुटाई कर रहा था। आरोप है कि उड रहे धूल को लेकर पड़ोसी उसे गालियां दी और जान से मारने की धमकी देते हुए उसे और उसकी पुत्री सीमा देवी को मारे पीटे जब उसकी पत्नी रानी देवी जान बचाकर घर में घुस गई तो घर में घुसकर मारा पीटा गया। फूलचंद्र पटेल ने मऊआइमा थाने में लालजी, सुनील कुमार और रेखा देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# माघ मेला-2026 में आने वाले दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को नि:शुल्क उपकरण होंगे प्राप्त

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** माघ मेला-2026 में आने वाले श्रद्धालुओं (दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों) को दैनिक जीवन में उपयोगी कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण का भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), कानपुर के सहयोग से निःशुल्क वितरण कराने के संदर्भ में जिला विकास अधिकारी / प्रतिनिधि जिलाधिकारी महोदय, प्रयागराज की अध्यक्षता में दिनांक 12 दिसम्बर, 2025 को सायं 04:00 बजे संगम सभागार, कलेक्ट्रेट, प्रयागराज में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उप निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग प्रयागराज मण्डल, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला कार्यकम अधिकारी, जिला समाज कल्याण




अधिकारी, वरिष्ठ प्रबन्धक एवं उप प्रबन्धक, भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, कानपुर उपस्थित रहे। बैठक में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, कानपुर के प्रबन्धक गणों द्वारा माघ मेला-2026 में उपयुक्त स्थान पर भूमि आवंटित कराने का अनुरोध किया गया जिस पर जिला विकास अधिकारी / प्रतिनिधि जिलाधिकारी महोदय, प्रयागराज द्वारा महाकुम्भ-2025 की तरह माघ मेला-2026 में दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण का वितरण एवं प्रदर्शनी कार्यकम आयोजित कराने के निर्देश दिये गये।

## कांग्रेस पार्टी गंगापार की हुई बैठक आगामी रैली को लेकर की गई चर्चा

**सहसों।** कांग्रेस पार्टी गंगापार जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद की अध्यक्षता में सोरांव के वारी में एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए गंगापार जिला अध्यक्ष ने रैली की तैयारी पर चर्चा करते कहा कि भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों और महंगाई बेरोजगारी शिक्षा स्वास्थ्य को लेकर दिनांक 14 दिसंबर 2025 को कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित रामलीला मैदान हो रही वोट चोर गददी छोड़ महारैली में प्रयागराज गंगापार से 300 कार्यकर्ता रैली में भाग लेंगे। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष मो.शमीम, कल्लन, संदीप सरोज, विधानसभा प्रभारी निशा सिंह, उपाध्यक्ष देवराज उपाध्याय, शरद उपाध्याय मुन्ना, डा.जगत नारायण सिंह, कंट्रोल रूम प्रभारी सद्दाम हुसैन सिद्दीकी, भोला नाथ तिवारी, प्रवेज ताहिर, सुरेश पटेल, धीरज पटेल, संजय पटेल, शिवप्रसाद मौर्य, पुष्पा चौधरी, रमेश मौर्या, रंजीत कुमार, सलीम टाइगर, सुनील पाण्डेय, डा.अमर सिंह, संगम लाल गुप्ता, अली हसन आदि उपस्थित रहे।

# 10 लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** क्षेत्र में नारकोटिक्स टीम और स्थानीय पुलिस ने नशे के कारोबारियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाते हुए एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से लगभग 10 लाख की मादक सामग्री बरामद की है। ?थाना प्रभारी महेश मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र में स्मैक बिक्री की सूचनाएं लगातार मिल रही थीं। इसी क्रम में, शुक्रवार को त्रिवेणीपुरम ग्राउंड से दीपक भारतीय निवासी नारायण दास पुरवा को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 62 ग्राम 14 मिलीग्राम स्मैक, 660 नकद और एक मोबाइल बरामद हुआ। बरामद स्मैक की कीमत 10 लाख के करीब है। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई नशे के कारोबार पर नकेल कसने



के लिए की जा रही है। गौरतलब है कि दो दिन पहले भी पुलिस ने दो अन्य युवकों को गिरफ्तार किया था, जिनके पास से करीब 21 लाख की स्मैक बरामद हुई थी।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम :** उ0नि0 जनमेजय कुमार चौकी प्रभारी चमनगंज उ0नि0 कमलेश पटेल, उ0नि0 श्री सुरेश गिरी, प्रभारी नारकोटिक्स टाक्स फोर्स उ0नि0 अखिल ओझा, उ0नि0 पुनीत कुमार चौबे, का0 अभिषेक सिंह, का0 विशाल सिंह, नारकोटिक्स टास्क फोर्स का0 नन्दलाल, नारकोटिक्स टास्क फोर्स का0 कुलदीप सिंह, नारकोटिक्स टास्क फोर्स



# न्यू आरएसजे स्कूल में 'सृजन 4' का शानदार आगाज

**बच्चों की प्रस्तुति देख अभिभावक भाव विभोर**

**झूंसी।** छतनाग स्थित न्यू आरएसजे पब्लिक स्कूल का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव 'सृजन 4' शुक्रवार को उत्साह के साथ शुरू हुआ। स्कूल की प्रधानाचार्य सुमन जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जिसके बाद बच्चों ने स्वागत गीत से अतिथियों का अभिनंदन किया। वार्षिकोत्सव में छात्रों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। योगा शो, ताइक्वांडो, पीटी, नृत्य, बंगाल फोल्क नृत्य और गणेश वंदना आकर्षण का केंद्र रही। नर्सरी के बच्चों की प्यारी प्रस्तुतियों ने तो अभिभावकों को भाव विभोर कर दिया। स्काउट एंड गाइड के बच्चों ने भी शानदार कार्यक्रम पेश किया। इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्वेता सिंह, संध्या, ऋद्धिक, प्रिंसी, आंचल, पलक ने किया। प्रधानाचार्य ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# एडीएम सिटी की अध्यक्षता में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** अपर जिलाधिकारी (नगर) सत्यम मिश्र की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जनपद में सड़क दुर्घटना माह नवम्बर, 2024 में 120 की तुलना में माह नवम्बर, 2025 में 136 सड़क दुर्घटना हुई। आगामी माह में सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत कमी लाये जानें के निर्देश दिये गये। प्रत्येक माह बैठक में निर्देशित किया जाता है कि अलोपीबाग फ्लाईओवर एवं पत्थर गिरजा घर के सामने (धरना स्थल) महाकुम्भ के दौरान रखे गये बोल्डर को हटाकर पैदल यात्रियों के लिए खोले जानें हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाय, परन्तु लचर दृष्टिकोण अपनाये जानें के कारण समस्या का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। यह स्थिति अत्यंत ही खेदजनक है, इस सम्बंध में एसीपी0, ट्रैफिक व परिवहन विभाग एवं पीडीए व टीआई

**बिना फिटनेस वाहन संचालन करने वाले स्कूली वाहनों पर कार्यवाही/नोटिस जारी करें**




एक सप्ताह के भीतर अनुपालन सुनिश्चित करायें। एनएचएआई को निर्देशित किया गया कि एम्बुलेंस की उपलब्धता के आधार पर एक जूम के माध्यम से बैठक करते हुए यातायात पुलिस एवं मजिस्ट्रेट को जोड़ते हुए हर थानों एवं ब्लाकों को सूचना प्रसारित की जायेगी। जिससे कि कम से कम समय में समुचित इलाज घायलों/आहतों को दिया जा सके। परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया कि बिना फिटनेस वाहन संचालन करने वाले स्कूली वाहनों पर कार्यवाही/नोटिस जारी की जाय। परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया कि प्रस्तुत किये जा रहे आंकड़ों की शुद्धता की जांच शत-प्रतिशत कर ली जाय। आईटीएमएस द्वारा किये चालान को प्रतिमाह के चक्र के अनुसार एस0ओ0पी0 पर सूचना उपलब्ध करायी जाय। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि वृहद दुर्घटनाओं के दृष्टिगत शहर से जानें वाले विभिन्न राष्ट्रीय मार्गों के नजदीक ट्रामा सेंटरों व प्राइवेट तथा सरकारी हास्पिटल क्रियाशील रखा जाय। जिससे कि कम समय में समुचित इलाज घायलों/आहातों को दिया जा सके। सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु विद्यालयों एवं सावर्जनिक स्थलों पर व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जाय। उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बैठक में उठाये गये बिन्दुओं पर शत-प्रतिशत अनुपालन आख्या ससमय उपलब्ध करायी जाय। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों/ सदस्यों ने प्रतिभाग किया पी0के राय, अधिशासी अभियन्ता/ सचिव/सदस्य, जिला सड़क सुरक्षा समिति, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., प्रयागराज, शैलेन्द्र सिंह, एसीपी ट्रैफिक, प्रयागराज, मोहम्मद अरशद, सहायक अभियन्ता/प्रतिनिधि सचिव/ सदस्य, जिला सड़क सुरक्षा समिति, प्रयागराज, शशिकांत, अधिशासी अभियन्ता, नि0खं0-2(प्र0प0), लो.नि.वि.,, प्रयागराज, नवीन कुमार शर्मा, अधिशासी अभियन्ता, नि0खं0-3, लो.नि.वि., प्रयागराज, अजय कुमार शुक्ला, सहायक अभियन्ता, नि0खं0-1, लो.नि.वि.,, प्रयागराज, प्रदीप कुमार सिंह, अडानी ग्रुप गंगा एक्सप्रेसवे, एसोसियेट मैनेजर, प्रयागराज, अनिल पूनिया, ए.जी.एम., गंगा एक्सप्रेसवे, प्रयागराज, नरेन्द्र शुक्ला, सहायक अभियन्ता, यू.पी.डा., प्रयागराज, चन्द्रकांत धर द्विवेदी, सहायक अभियन्ता, नि.खं.-4 (कु.मे.), लो.नि.वि., प्रयागराज, डॉ. बीएस यादव, सह जिला विद्यालय निरीक्षक, माध्यमिक शिक्षा, प्रयागराज, अजीत कुमार, अधिशासी अभियन्ता, नगर-निगम, प्रयागराज, आन्नद राव, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, प्रयागराज, डी0के0 तिवारी, वरिष्ठ प्रबन्धक, उ0प्र0 परिवहन, प्रयागराज, बसन्त लाल, उ0प्र0 परिवहन निगम, प्रयागराज, विशाल सेठ, सहायक अभियन्ता, रा0मा0 खण्ड, लो0नि0वि0, प्रयागराज, के0के0 सिंह, सहायक अभियन्ता, सिंचाई विभाग, बेलन कैनाल, प्रखण्ड, प्रयागराज, नरेन्द्र शुक्ला, सहायक अभियन्ता, यूपीडा, प्रयागराज, निकुंज तिवारी, सहायक अभियन्ता, पीआईयू मोर्थ, प्रयागराज, अजय सिंह, मैनेजर टेक्निकल, एनएचएआई, प्रयागराज, राम सागर, पी.टी.ओ., परिवहन विभाग, प्रयागराज, डा. रवीन्द्र, एम.ओ., कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रयागराज, रवीन्द्र त्रिपाठी, यातायात निरीक्षक, प्रयागराज, रघुनाथ द्विवेदी, उपाध्यक्ष टैम्पो टैक्सी यूनियन, प्रयागराज, विनोद चन्द्र दुबे, अध्यक्ष एवं रमाकान्त रावत, महामंत्री, टैम्पो टैक्सी यूनियिन एवं अन्य उपस्थित अधिकारीगण।

# सुब्रमण्यम भारती के पदचिन्हों पर चलकर उनके आदर्शों को करे आत्मसात-ओम प्रकाश

## भारतीय भाषा दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई संगोष्ठी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारतीय भाषा अभियान काशी प्रांत प्रतापगढ़ इकाई के आयोजकत्व में कलेक्ट्रेट सभागार में भारतीय भाषा दिवस संगोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ अधिवक्ता राजाराम सरोज की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा महाकवि चिन्नास्वामी सुब्रमण्यम भारती व मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित व पुष्प अर्पित कर राष्ट्रगीत से हुआ। तदुपरांत भारतीय भाषा अभियान के संयोजक महेश कुमार गुप्त ने डीएम शिव सहाय अवस्थी को संविधान की प्रस्तावना व पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया।इसी के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक ओम प्रकाश व आईएएस संयुक्त मजिस्ट्रेट अनुष्का शर्मा को पुष्प गुच्छ एंव स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद डीएम शिव सहाय अवस्थी ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारतीय भाषा दिवस भारतीय भाषाओं की समृद्धि, विविधता और सांस्कृतिक आत्मा को सम्मान देने का पर्व है। इस अवसर पर चिन्नास्वामी का स्मरण विशेष रूप से प्रेरक है, क्योंकि उन्होंने अपने जीवन को भारतीय भाषाओं के संरक्षण,संवर्द्धन और साहित्यिक उन्नयन के लिए समर्पित किया। उनका व्यक्तित्व सादगी, विद्वत्ता और सेवा-भाव का दुर्लभ संगम था। डीएम ने कहा कि चिन्नास्वामी का मानना था कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि सामूहिक चेतना का केंद्रबिंदु है, इसी कारण उन्होंने अपनी मातृभाषा तथा अन्य भारतीय भाषाओं में समभाव, सम्मान और परस्पर सीखने की भावना को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।




एक ओर वे भाषा-जागरूकता के प्रचारक थे, दूसरी ओर उत्कृष्ट लेखक, संपादक और चिंतक भी। उन्होंने भारतीय भाषाओं की विरासत को संरक्षित करने के लिए अनेक आलेख, निबंध, भाषण और साहित्यिक रचनाएँ लिखीं, जिनमें भारतीय भाषा-चेतना, लोक-साहित्य, संस्कृति और राष्ट्रीय अस्मिता जैसे विषयों पर गहन विचार मिलता है। उनकी लेखनी सरल, सहज, किंतु प्रभावशाली थी,जिसके माध्यम से वे आम जन तक भाषाई गौरव की भावना पहुँचाते थे। इस मौके पर बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद संयुक्त मजिस्ट्रेट अनुष्का शर्मा ने भारती भाषा के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि चिन्ना स्वामी सुब्रमण्यम भारती का कृतित्व बहुआयामी था, उन्होंने अपने लेखनी से समाज को जागृत किया और समाज के अंदर विकृतियों को समाप्त करने का अत्यंत सराहनीय प्रयास किया था उनके कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता मौजूद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक ओमप्रकाश ने उपास्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि चिन्नास्वामी सुब्रमण्यम भारती महाकवि भारती के नाम से लोकप्रिय थे तथा आधुनिक तमिल कविता के अग्रदूत थे और उन्हें अब तक के सबसे महान तमिल साहित्यकारों में से एक माना जाता है। महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चिन्नास्वामी सुब्रमण्यम भारती एक सुप्रसिद्ध भारतीय लेखक कवि और पत्रकार थे तथा तमिलनाडु के समाज सुधारक थे उनके द्वारा बहुत ही उत्कृष्ट कार्य किया गया था,जिसको शब्दों में बताना बहुत ही अल्प होगा। ओम प्रकाश ने कहा कि भारतीय भाषा दिवस जैसे अवसरों पर उनकी दूरदर्शिता और विचार आज भी प्रासंगिक है क्योंकि वे हमें याद दिलाते हैं की भाषाई विकास केवल शब्दों को संजोने का प्रयास नहीं बल्कि समाज की आत्मा को अक्षुण्ण रखने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि चिन्नास्वामी का व्यक्तित्व और कृतित्व भारतीय भाषाओं की उन्नति के पथ पर एक प्रकाश स्तंभ के समान है। भारतीय भाषा दिवस पर उनका स्मरण हमें अपनी भाषाओं के संवर्धन और सम्मान के लिए निरंतर कार्य करने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि चिन्नास्वामी की कई रचनाएं भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान देशभक्ति और राष्ट्रवाद को जगाने वाले ज्वलंत गीत थे।वर्ष 1908 में ब्रिटिश भारत सरकार द्वारा भारती के खिलाफ उनके क्रांतिकारी गतिविधियों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था जिसके कारण उन्हें पुडुचेरी जाना पड़ा जहां वे 1908 तक रहे ।भारती द्वारा लिखित साहित्य का दायरा बहुत विस्तृत था जिसमें धार्मिक,राजनीतिक और सामाजिक पहलू शामिल थे।सभी को चिन्नास्वामी सुब्रमण्यम भारती के पदचिन्हों पर चलकर उनके आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भारतीय भाषा अभियान के संयोजक महेश कुमार गुप्ता, डीजीसी राजस्व राघवेंद्र सिंह,वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम शुक्ल,अभियान के सहसंयोजक अभिषेक शर्मा,शिवेश शुक्ला,प्रदीप पांडेय,आशीष,अनुराग मिश्रा,धीरज मिश्रा,राहुल सिंह,वीर गौरव,आकाश गुप्ता,अरविंद पांडेय,अवनीश शर्मा शिवकुमार पुष्पजीवी,रवि सिंह, परमानंद,दीपू मिश्र,अनिल,संतोष दूबे,कौशलेश त्रिपाठी, विवेक, हरीश,सहित सहित आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता किरण बाला सिंह ने किया।अंत में अभियान के संयोजक महेश कुमार गुप्ता ने सभी अतिथियों एवं आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम में समापन किया गया।

# बार कौंसिल के प्रत्याशी के समर्थन में किया जनसंपर्क

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के चुनाव की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है,सर गर्मियां तेज होती जा रही हैं। सदस्य पद की प्रत्याशी अपनी अपनी जीत को सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में दौरा कर अधिवक्ताओं के बीच जनसंपर्क कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की मुहिम तेज कर दी है।इसी क्रम में बुधवार को बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश में सदस्य पद के प्रत्याशी इलाहाबाद के अधिवक्ता देवेश कुमार शुक्ल के समर्थकों की एक टीम उच्च न्यायालय इलाहाबाद बार एसोसिएशन की पूर्व संयुक्त महिला सचिव आंचल ओझा की अगुवाई में प्रतापगढ़ पहुंची,जहां पर अधिवक्ताओं के बीच सघन जनसंपर्क स्थापित कर देवेश कुमार शुक्ल के पक्ष में प्रथम वरीयता का मत प्रदान करने की अपील किया। इस दौरान समर्थको ने अधिवक्ताओं के बीच देवेश कुमार शुक्ला को संघर्षवान एवं मिलनसार बताते हुए कहां कि यदि आप लोगों ने अपने मत रूपी आशीर्वाद से देवेश शुक्ल को विजयश्री का सेहरा बांधा तो आप सबके के मान सम्मान में कभी कोई कमी नहीं आएगी। जन सम्पर्क के दौरान प्रमुख रूप से अधिवक्ता वत्सल शुक्ल, इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन की पूर्व संयुक्त महिला सचिव आंचल ओझा,श्रेया पांडेय, गौरव,अभिषेक, सुशील सहित आदि अधिवक्ता रहे।



# तहसील परिसर में मनाया गया अधिवक्ता का जन्मदिन

**अखंड भारत संदेश**

**कुंडा।** तहसील परिसर में शुक्रवार को अधिवक्ता पुष्पेश पांडेय का जन्मदिन उत्साह और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। सुबह से ही अधिवक्ताओं का पुष्पेश पांडेय को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। दोपहर में आयोजित समारोह में सभी अधिवक्ताओं ने एकत्र होकर जन्मदिन समारोह को और यादगार बनाया। इस दौरान पुष्पेश पांडेय ने अपने अधिवक्ता साथियों के साथ मिलकर केक काटाएक-दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में दि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वीपी मौर्या, महामंत्री योगेश त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष दिलीप तिवारी, कमलाकांत मिश्र, ऑल इंडिया रूरल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव पांडेय, वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील त्रिपाठी, पंकज त्रिपाठी, राहुल मिश्रा, आदित्य पाण्डेय, भूपेंद्र तिवारी, अमित मिश्रा, प्रियांशु शुक्ला (छोटू ), शिवम् पाण्डेय, आलोक सिंह, विनय शुक्ला, दीपक मिश्रा, शुभम पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।



# स्टार्ट करते ही स्कूल बस में लगी आग, लोगों में मची अफरातफरी

## बच्चों को घर से लेने जा रहा था चालक, फायर बिग्रेड ने आग पर पाया काबू

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शार्टसर्किट के चलते स्कूली बस में आग लगने से हडकंप मच गया। फायर बिग्रेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस बीच पूरी बस धू धू कर जल गयी। दुर्घटना में चालक समेत तीन छात्र बाल बाल बच गये। रायबरेली जिले के सलोन मटका स्थित निमिषा कान्वेंट स्कूल की बस लालगंज कोतवाली के भटनी में खड़ी होती है। बस क्षेत्रीय गांवों के बच्चों को लेकर प्रतिदिन स्कूल जाया करती है। शुक्रवार को बच्चों को स्कूल ले जाने के लिए सलोन के कटेहा निवासी अबरार ने जैसे ही बस स्टार्ट किया। शार्टसर्किट से अचानक आग लग गयी। यह देख चालक बस में मौजूद पूरे वाचन लकुरी निवासी कक्षा नौ के छात्र आलोक व कक्षा आठ की महक तथा भटनी के ही कक्षा नौ के छात्र सूर्यप्रताप को नीचे उतार कर खुद भी कूद गया। इस बीच सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने ग्रामीणो की मदद से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक बस पूरी तरह से जलकर राख हो गयी। स्कूल बस में आगजनी की घटना के चलते काफी देर तक लोगों में अफरातफरी मची रही।



## 17 दिसम्बर को अफीम कोठी में पेंशनर दिवस का होगा आयोजनः जिलाधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने बताया है कि राज्य सरकार के पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं की जनपद स्तर पर सुनवाई एवं निराकरण हेतु प्रत्येक वर्ष की भांति पेंशनर्स दिवस दिनांक 17 दिसम्बर 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे से ग्राम्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान अफीम कोठी में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया जायेगा। पेंशनर्स दिवस के आयोजन का पेंशनर अधिक से अधिक लाभ उठाये और समय से प्रतिभाग करें।

## सात जनवरी से होगी जनसत्ता कप की शुरुआत

**अखंड भारत संदेश**

**कुंडा।** आगामी सात जनवरी से जनसत्ता कप क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरूआत होगी। यह प्रतियोगिता विकासखण्ड बिहार के ग्रामसभा सकरदहा के प्रधान प्रतिनिधि संजय सिंह फौजी के द्वारा विगत कई वर्शों से किया जा रहा है। इस बार प्रतियोगिता का आठवां संस्करण आगामी सात जनवरी से होगा। प्रतियोगिता में प्रदेश स्तरीय खिलाड़ी शामिल होंगे। आयोजन की जानकारी जनसत्ता कप के सक्रिय सदस्य व जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के कार्यकर्ता रोहित सिंह ने दी।

## नवोदय प्रवेश परीक्षा आज

**अखंड भारत संदेश**

**कुंडा।** आरयसबी इन्टर कालेज सुन्दरगंज बाघराय के प्रधानाचार्य रमाकान्त अनिल ने बताया कि नवोदय विद्यालय के कक्षा 5उत्तीर्ण छात्र छात्राओ को कक्षा छ के लिए प्रवेश परीक्षा शनिवार को साढे ग्यारह बजे से डेढ बजे तक आर यस बी इन्टर कालेज सुन्दरगंज मे होगी। परीक्षा मे 363छात्र व छात्राएं शामिल होगे। सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

## उपनिरीक्षक की बिगड़ी तबियत, एस आर एन रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**कुंडा।** बाघराय थाने में तैनात उपनिरीक्षक लालजी राम की शुक्रवार सुबह हार्टअटैक आने से अचानक तबियत बिगड़ गई। साथियों द्वारा आनन फानन में सीएचसी बाघराय ले जाया गया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक की तबियत स्थिर बताई जा रही है।

# सामूहिक विवाह में 53 हिन्दू व 01 मुस्लिम जोड़े विवाह के बंधन में बंधे

## नव दांपत्य जोड़ों को विधायकगण, भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य अतिथियों ने दिया आर्शीवाद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत राम प्रिया गार्डेन कटरा मेंदनीगंज परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत 54 जोड़ों का विवाह पूरे विधि विधान के साथ भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजत कार्यक्रम में 53 हिन्दू जोड़े एवं 01 मुस्लिम जोड़े विवाह के बंधन में बंधे। सभी शादियां अपने रीति रिवाज के अनुसार हुई हिंदू धर्म की शादी वेद मंत्रों के उच्चारण के माध्यम से व मुस्लिम शादियां निकाह के माध्यम से संपन्न की गई। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, डीसी मनरेगा सन्तोष कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण नागेन्द्र कुमार मौर्य, प्रयागराज से उपनिदेशक द्वारा नामित नोडल जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) प्रयागराज अंजिका मोना सहित समाजसेवी रोशन लाल ऊमरवैश्य व अन्य अतिथियों ने नव दांपत्य जोड़ों को आर्शीवाद दिया। इस अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने सभी नव दाम्पत्य जोड़ो को बधाई दी और कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब, असहाय एवं निर्धन व्यक्तियों के पुत्रियों के जीवन में खुशहाली लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। उन्होने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के मंत्र के साथ कार्य कर रही हैं। विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल ने सभी जोड़ो को बधाई देते हुये समाज कल्याण विभाग द्वारा किये गये सामूहिक विवाह कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीब परिवार की बेटियों को परिणय सूत्र में बांधने का कार्य कर रही है। गरीब एवं असहाय व्यक्ति विवाह जैसे आयोजनों में अत्यधिक खर्च होने से गरीब परिवारों पर भारी बोझ पड़ता है, ऐसे में प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिये वरदान साबित हो रही है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने सभी जोड़ों को बधाई दी और कहा कि सभी नव दांपत्य जोड़े एक दूसरे के साथ मिलकर खुशी से अपना जीवन यापन करें। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने आये हुये अतिथियों का स्वागत किया और बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रदेश सरकार द्वारा 1 लाख रुपये की सहायता उपलब्ध करायी जाती है जिसमें 60 हजार रूपये डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के खाते में भेजे जाते है, 25 हजार रूपये उपहार के रूप में व शेष 15 हजार रूपये कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर खर्च किये जाते। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के उपरान्त सभी जोड़ो व उनके परिवार लोगों ने भोजन ग्रहण किया और अपने-अपने घरों से लिये प्रस्थान किये। कार्यक्रम का संचालन सुनील प्रभाकर ने किया।



# संदिग्ध परिस्थिति में छात्रा की मौत, घर में फांसी पर लटका मिला शव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** छात्रा का शव घर के भीतर संदिग्ध परस्थितियों में फंदे पर लटका मिलने से हडकंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजवाया है। लालगंज कोतवाली के जसमेढ़ा गांव निवासी उदयराज यादव की सोलह वर्षीया पुत्री धारूपुर स्थित अवधेश विद्या निकेतन इण्टर कालेज में हाईस्कूल की छात्रा थी। गुरूवार की शाम घर में वह अकेली थी। देर शाम जब परिवार के लोग घर पहुंचे तो खुशबू का शव फंदे पर झूलता देख दंग रह गये। परिवार के लोगों में चीखपुकार मच गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को फंदे से उतारकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। मृतका तीन भाई बहनों में सबसे बड़ी थी। मृतका की मां मजदूरी कर परिवार का पेट पालती थी। लालगंज प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। पूछताछ व छानबीन के दौरान छात्रा के आत्महत्या करने की बात सामने आयी है।



## जानलेवा हमले में न्यायालय के आदेश पर दस पर केस

**अखंड भारत संदेश**

**कुंडा।** जानलेवा में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पांच नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। महेशगंज थाना क्षेत्र के गोगहर गांव निवासी गुडान देवी पत्नी रामसुख ने न्यायालय में वाद दायर किया। बताया कि 10 जुलाई 2025 की शाम बेटा मनीष गाय को खोलकर घर ले जाने लगा। तभी गांव के कुछलोग उसको गालियां देते हुए पीटने लगे। बेटे की चीख सुनकर वह और उसका दूसरा बेटा रजनीश बीच-बचाव करने पहुंचे तो उन लोगों ने उनको भी मारा पीटा। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। आरोप है कि पुलिस को मामले की नामजद तहरीर दी लेकिन पुलिस ने न तो उसके बेटे का मेडिकल कराया और न ही कोई कार्रवाई किया।न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने विशेष, अभिषेक कुमार गौतम, साहिल, अजीत, शनि कुमार को नामजद करते हुए पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## पुलिस की साइबर टीम ने वापस कराया दस हजार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** उदयपुर थाना क्षेत्र के सेमरा गांव निवासी गुडडू सरोज ने गूगल पे के माध्यम से त्रुटिवश दूसरे के खाते में दस हजार रूपये भेज दिया था। पीड़ित ने जब पैसा वापस मांगा तो उसने देने से इंकार कर दिया। इससे परेशान होकर पीड़ित ने उदयपुर पुलिस को शिकायती पत्र दिया। इसके पश्चात प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने एक साइबर टीम का गठन किया। छानबीन के पश्चात पीड़ित का पैसा उसे वापस दिलाया गया।

## सम्पादकीय

### गोवा अग्निकांड : असली दोषी कहां हैं

**गोवा** के रोमियो लेन नाइट क्लब में शनिवार रात लगी आग में 25 लोग अकाल मौत मारे गए। यह हादसा गोवा की बड़ी त्रासदियों में से एक माना जा रहा है। अक्टूबर से लेकर फरवरी-मार्च तक गोवा में पर्यटकों की भीड़ होती है। खासकर विदेशी पर्यटकों के लिए यह बड़ा आकर्षण का केंद्र रहा है। जम्मू-कश्मीर की तरह गोवा का मुख्य व्यवसाय भी पर्यटन ही है। लेकिन इस घटना ने गोवा में पर्यटकों की सुरक्षा पर बड़ा निशान खड़ा कर दिया है।

बताया जा रहा है कि जिस वक्त क्लब में आग लगी, करीब डेढ़ सौ लोग वहां थे। हालांकि मरने वालों में 20 लोग क्लब के कर्मचारी थे और उनके साथ पांच पर्यटकों की मौत हुई। इनमें से चार तो दिल्ली के एक ही परिवार के सदस्य थे। शनिवार रात के हादसे के बाद रविवार सुबह ही मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने क्लब का दौरा करते हुए जांच के आदेश दिए थे। साथ ही चेतावनी थी कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। अब सवाल ये है कि इस हादसे का दोषी किसे माना जाएगा। प्रत्यक्ष तौर पर तो क्लब के मालिकान सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा ही हादसे के दोषी हैं, और उनके खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की गई। लेकिन ये दोनों भाई तो रविवार सुबह साढ़े पांच बजे ही देश छोड़कर निकल चुके थे। मतलब मुख्यमंत्री जब दोषियों को पकड़ने के आदेश दे रहे थे, जिस वक्त पुलिस मौके पर सबूत जुटा रही थी और आग बुझाने की कोशिशें चल रही थीं, उस समय तक लूथरा बंधु देश से निकल चुके थे। ये भाजपा के सख्त प्रशासन की असलियत है। हैरानी की बात ये है कि सात दिसम्बर की सुबह लूथरा बंधु भाग चुके थे और शायद पुलिस इससे बेखबर थी, क्योंकि सात तारीख की शाम को गोवा पुलिस के अनुरोध पर दिल्ली पुलिस ने लूथरा बंधुओं के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया था। जबकि मुंबई में ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन ने जानकारी दी कि दोनों भाई सात दिसंबर की सुबह 5.30 बजे यानी घटना के फौरन बाद इंडिगो की सीधी फ्लाइट से थाइलैंड के फुकेत भाग चुके थे। अब गोवा पुलिस दोनों को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए इंटरपोल से मदद ले रही है। लेकिन पिछले अनुभव बताते हैं कि भगोड़ों को वापस लाने में मोदी सरकार नाकाम ही रही है। विजय माल्या, नीरव मोदी, ललित मोदी, मेहुल चोकसी ये सब कहां हैं, क्या कर रहे हैं, इसकी जानकारी होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। इनमें से कुछ भगोड़े तो विदेश में आलीशान दावतें करते हैं और देश से कई नामी-गिरामी लोग उन दावतों में शामिल होते हैं, फिर भी इनका बाल भी बांका नहीं होता, क्योंकि धन और सत्ता का रक्षाकवच इनके पास है। अब देखना होगा कि लूथरा बंधुओं को यह कवच मिलता है या नहीं। वैसे थाइलैंड भागने की उनकी योजना बताती है कि वो कितने शातिर हैं। थाईलैंड में भारतीयों को प्रवेश करने पर वीजा मिल जाता है। ऐसे में उन्हें थाइलैंड जाने में कोई दिक्कत नहीं हुई। फुकेत एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय पर्यटन केंद्र है और यहां हर दिन बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक आते हैं। ऐसे में किसी भारतीय के लिए यहां भीड़ में घुलमिल जाना और अपनी पहचान छिपाना भी आसान है।

# हिंदू आस्था का मान रखने वाले जज के खिलाफ पूरे विपक्ष का एकजुट होना चिंताजनक मिसाल है

**नीरज कुमार दुबे**

**तिरुप्परनकुंद्रम** का दीपथूण विवाद केवल एक धार्मिक अनुष्ठान का मामला नहीं रह गया है; यह प्रशासनिक निष्पक्षता, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और धर्मनिरपेक्षता के नाम पर हो रही राजनीति की वास्तविकता का आईना बन चुका है।

हिंदू-बहुल भारत में आखिर यह स्थिति क्यों पैदा हो गई है कि किसी हिंदू को अपने ही प्राचीन धर्मस्थल पर दीपक जलाने या पूजा करने के लिए अदालत से अनुमति लेनी पड़े? यह स्थिति आखिर क्यों पैदा हो गयी है कि न्यायालय पूजा की अनुमति दे दे तो सरकार उस अनुमति के क्रियान्वयन को ही रोक दे? यह स्थिति क्यों बन गयी है कि अदालत अनुमति दे दे तो कुछ राजनीतिक दल उस न्यायाधीश को ही पद से हटाने की मांग करने लगें जिसने हिंदुओं को अपने धर्म स्थल पर पूजा करने की अनुमति दी? क्या यह लोकतांत्रिक व्यवस्था का स्वाभाविक दृश्य है? सवाल उठता है कि तुष्टिकरण की राजनीति की आड़ में हिंदू आस्था को बार-बार क्यों चोट पहुँचायी जाती है? क्या बहुसंख्यक धर्म की परंपराएँ केवल इसलिए संदेह के घेरे में हैं क्योंकि कुछ राजनीतिक दल अपने वोट बैंक की राजनीति को धर्म और इतिहास से ऊपर रख चुके हैं? और क्या अब न्यायपालिका तक को इस आधार पर निशाना बनाया जाएगा कि उसका निर्णय किसी समुदाय को राजनीतिक रूप से असुविधाजनक लगा?

इन मूलभूत प्रश्नों के बीच तिरुप्परनकुंद्रम का दीपथूण विवाद केवल एक धार्मिक अनुष्ठान का मामला नहीं रह गया है; यह प्रशासनिक निष्पक्षता, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और धर्मनिरपेक्षता के नाम पर हो रही राजनीति की वास्तविकता का आईना बन चुका है। हम आपको बता दें कि मदुरै के तिरुप्परनकुंद्रम में अरुलमिघु सुब्रमण्य स्वामी मंदिर और उससे सटे ह्यदीपथूणह्न (पत्थर के दीप-स्तंभ) पर दीप प्रज्ज्वलन को लेकर उठा विवाद लगातार कानूनी और राजनीतिक टकराव का रूप लेता जा रहा है। मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ द्वारा ह्यदीपथूणह्न पर दीप जलाने की अनुमति देने के बाद राज्य सरकार ने न केवल इस आदेश को चुनौती दी बल्कि जिला प्रशासन ने भी पर्वत की तलहटी पर ही श्रद्धालुओं को रोक दिया। इस घटना ने न्यायपालिका और राज्य सरकार के बीच तनाव को सार्वजनिक रूप से उद्घाटित कर दिया।

हम आपको बता दें कि 1 दिसंबर को न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन ने हिंदू तमिलर कच्ची के संस्थापक राम रविकुमार की याचिका पर आदेश देते हुए भक्तों को तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित दीपथूण पर दीप जलाने की अनुमति दी थी। लेकिन 3 दिसंबर के कार्तिगई दीपम उत्सव के दिन प्रशासन ने उन्हें रोक दिया जिसके बाद रविकुमार ने अवमानना याचिका दायर की। उसी दिन न्यायमूर्ति स्वामीनाथन ने दस भक्तों को दीपथूण तक जाने और वहाँ दीप प्रज्ज्वलित करने की अनुमति दी तथा उनकी सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ कवर प्रदान करने का निर्देश दिया। इसके बावजूद पुलिस ने समूह को रोक दिया और राज्य सरकार ने अवमानना कार्यवाही से बचने के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

हम आपको बता दें कि इस मामले की जड़ें लगभग सौ वर्ष पुरानी हैं। तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी, जो भगवान मुरुगन के छह प्रमुख पवित्र स्थलों (अरुपडई वीड़कु) में से एक है, वहां पर स्थित मंदिर और एक दरगाह के बीच 1920 से ही स्वामित्व और धार्मिक अधिकारों को लेकर विवाद रहा है। उस समय सिविल कोर्ट और बाद में प्रिवी काउंसिल ने पहाड़ी को मंदिर सम्पत्ति घोषित किया था। किंतु दीप प्रज्ज्वलन की परंपरा को लेकर न्यायालय ने 1996 में यह कहा था कि पारंपरिक स्थान मंदिर परिसर का उचिपिल्लैयार कोविल मंडपम है; हालांकि भविष्य में किसी वैकल्पिक स्थान पर दीप



प्रज्ज्वलन की अनुमति HR&CE विभाग द्वारा दी जा सकती है, बशर्ते वह दरगाह से दूर हो।

इसके बाद भी दीपथूण को पारंपरिक स्थल बताकर कई याचिकाएँ दायर हुईं, जिन पर 2014 और 2017 में उच्च न्यायालय ने यह दोहराया था कि मंदिर प्रबंधन ही धार्मिक परंपराओं और स्थलों का निर्धारण करेगा। लेकिन इस वर्ष पुनः इस विवाद ने जोर पकड़ा और राजनीतिक रंग ले लिया। राज्य सरकार ने उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय की खंडपीठ में अपील दायर कर दी है। वहीं 5 दिसंबर को खंडपीठ ने मंदिर प्रबंधन का पक्ष रखते हुए यह चेतावनी दी कि न्यायपालिका का अपमान करने वाली टिप्पणियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके बाद 9 दिसंबर को अदालत ने तमिलनाडु के मुख्य सचिव और एडीजीपी (कानून-व्यवस्था) को 17 दिसंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित होने का आदेश दिया, क्योंकि प्रशासन ने न्यायालय के पूर्व आदेशों का पालन नहीं किया।

दूसरी ओर, यह विवाद इसी बीच संसद तक पहुँच गया है। कांग्रेस, डीएमके, समाजवादी पार्टी, एनसीपी (एसपी) और अक्टक्ट से संबद्ध 107 विपक्षी सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति स्वामीनाथन को हटाने का प्रस्ताव सौंपा। आरोप लगाया गया कि न्यायाधीश ने एक विशेष राजनीतिक विचारधारा से प्रभावित होकर निर्णय दिए और निष्पक्षता व धर्मनिरपेक्षता पर प्रश्नचिह्न लगा है। देखा जाये तो विपक्ष का यह कदम अपने आप में एक बड़ा राजनीतिक टकराव बन चुका है, क्योंकि इसे न्यायपालिका पर सीधे प्रहार के रूप में देखा जा रहा है। जिस प्रकार से विपक्षी दलों ने न्यायाधीश के निर्णय से असहमति को आधार बनाकर उन्हें हटाने का प्रस्ताव दिया, वह भारतीय लोकतंत्र में अभूतपूर्व और चिंताजनक मिसाल है।

सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी का इतिहास केवल मंदिर-प्रशासन से जुड़ा मामला नहीं है, बल्कि यह हिंदू आस्था का एक महत्त्वपूर्ण केंद्र है जहाँ सदियों से भक्तों की उपस्थिति रही है। 1920 के सिविल डिक्री और प्रिवी काउंसिल के निर्णय ने स्पष्ट कहा था कि पहाड़ी मंदिर की संपत्ति है तथा दरगाह उससे केवल कुछ सीमित हिस्सों में सम्बद्ध है। यह तथ्य अपने आप में बताता है कि दीपथूण पर दीप जलाना मंदिर-परिसर के भीतर ही धार्मिक अनुष्ठान का एक स्वाभाविक हिस्सा है।

फिर भी, पिछले तीन दशकों में दीपथूण को लेकर विवाद गहराता गया और प्रशासन ने अक्सर सुरक्षा या साम्प्रदायिक संवेदनशीलता का हवाला देकर हिंदू परंपराओं को सीमित किया। यह वही मानसिकता है जो डीएमके और उसके सहयोगियों की राजनीति में बार-बार दिखाई देती है, जहाँ बहुसंख्यक आस्था को दबाकर तुष्टिकरण को राजनीतिक लाभ का साधन बना दिया जाता है। यह संयोग नहीं है कि वही दल, जिसके नेताओं ने अनेक बार सनातन धर्म को नष्ट करने योग्य कहा, वही आज दीपथूण में दीप जलाने का विरोध कर रहा है।

यहाँ प्रश्न केवल परंपरा का नहीं, बल्कि अधिकारों का है। जब उच्च न्यायालय का स्पष्ट आदेश मौजूद था कि भक्त दीपथूण पर दीप जला सकते हैं, तब राज्य सरकार द्वारा उसे लागू न करना न केवल न्यायालय की अवमानना है बल्कि धार्मिक स्वतंत्रता का खुला हनन भी है। जिस प्रकार अदालत ने पुलिस और प्रशासन को फटकारते हुए कहा कि न्यायपालिका का अपमान बर्दाश्त नहीं होगा, वह बताता है कि सरकार किस हद तक अपनी सीमाएँ भूल चुकी है।

लेकिन इससे भी खतरनाक कदम था 107 विपक्षी सांसदों द्वारा न्यायाधीश को हटाने का प्रस्ताव। यह केवल असहमति का मुद्दा नहीं, बल्कि न्यायपालिका को धमकाने का सीधा प्रयास है। अगर किसी निर्णय से असहमति हो तो अपील का मार्ग उपलब्ध है; परन्तु न्यायाधीश की नीयत पर प्रश्नचिह्न लगाना और उन्हें राजनीतिक विचारधारा से जोड़कर हटाने का प्रयास करना लोकतांत्रिक संस्थाओं को अस्थिर करने जैसा है। यह न्यायपालिका को संदेश देता है कि धार्मिक मामलों पर निर्णय देते समय राजनीतिक दबाव को ध्यान में रखना पड़ेगा, जो कि किसी भी स्वतंत्र न्यायिक व्यवस्था के लिए विषाक्त है।

वैसे तो सनातन धर्म के विरुद्ध डीएमके के कई नेताओं के वक्तव्य पहले ही सामाजिक समरसता को कमजोर करते रहे हैं। अब दीपथूण पर दीप जलाने के खिलाफ प्रशासनिक दमन और फिर न्यायाधीश पर निशाना साधना इस बात का प्रमाण है कि यह विवाद मूलतः विधिक नहीं, बल्कि वैचारिक और राजनीतिक है। इसमें आस्था को बार-बार चोट पहुँचाई गई है और उन भक्तों को अपराधी जैसा व्यवहार झेलना पड़ा है जिन्होंने केवल अपनी परंपरा निभानी चाही।

बहरहाल, यह विवाद एक व्यापक प्रश्न खड़ा करता है कि क्या भारत में बहुसंख्यक आस्था को केवल इसलिए सीमित किया जा सकता है कि कुछ राजनीतिक दल अपने वोट-बैंक को नाराज नहीं करना चाहते? क्या न्यायाधीश केवल इसलिए निशाने पर होंगे कि उन्होंने संविधान और न्यायिक मयार्दा के आधार पर निर्णय दिया।

# मतदाता पुनरीक्षण अभियान में रफ़्तार, कई घरों में SIR फॉर्म न पहुँचने से बढ़ी चिंता

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। विधानसभा** चुनावों की तैयारियों के बीच निर्वाचन आयोग द्वारा चलाया जा रहा विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान अब तेजी पकड़ चुका है। क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाताओं की जांच व सत्यापन का कार्य जारी है, लेकिन इसी प्रक्रिया के दौरान कई नागरिकों ने शिकायत की है कि उन्हें अब तक सर फॉर्म उपलब्ध नहीं कराया गया है। कई परिवारों में कुछ सदस्यों को फॉर्म मिला, जबकि अन्य को नहीं, जिससे लोगों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है।सूत्रों के अनुसार, जिन मतदाताओं के नाम से संबंधित सर फॉर्म बीएलओ के पास उपलब्ध नहीं था, वे वितरण के दौरान छूट गए। यही वजह है कि कुछ मतदाता अब भी फॉर्म की प्रतीक्षा कर



रहे हैं। हालांकि, चयन आयोग ने उत्तर प्रदेश समेत छह राज्यों में सर फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर लोगों को राहत दी है, जिससे मतदाता सूची के पुनरीक्षण की रफ्तार और तेज हो गई है।शिकायतों के मद्देनजर संबंधित अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिन व्यक्तियों को रक्क्ष फॉर्म नहीं मिला है, उन्हें कोई चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे सभी पात्र नागरिक सीधे फॉर्म 6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। अधिकारियों ने आश्वस्त किया है कि फॉर्म 6 जमा करने पर योग्य मतदाताओं का नाम बिना किसी बाधा के सूची में शामिल कर दिया जाएगा।

फॉर्म 6 जिले के बीएलओ कार्यालय, स्थानीय तहसील परिसर, तथा क्षेत्र के संबंधित बीएलओ के पास आसानी से उपलब्ध है। समय सीमा बढ़ाए जाने के कारण अब इच्छुक नागरिक जल्द से जल्द यह फॉर्म भरकर अपने नाम के समावेशन की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। सभी नागरिक समय रहते फॉर्म 6 भरकर जमा करें, ताकि आगामी चुनावों में हर योग्य मतदाता अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके।

# खनन से खत्म होते पहाड़?

**सुरेश भाई**

'राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड' ने भी यहां खनन कार्य में लगी भारी मशीनों और उनसे उत्पन्न ध्वनि-प्रदूषण, वायु-प्रदूषण सहित कई नकारात्मक प्रभावों की अनदेखी की है जिससे खनन कारोबार को अधिक बल मिला है। कई स्थानों पर अनुमति न मिलने के बाद भी खनन होता रहा है जिससे खनन प्रभावितों को लम्बे समय तक आंसू बहाने पड़े हैं।



मनुष्य अपने जीवन की अंतहीन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए धरती मां के किसी भी भाग से अपने लालच के लिए जल, जंगल, जमीन और उसके पेट से खनिज पदार्थों का इतना अधिक दोहन कर लेता है कि वह किसी दूसरे प्राणी के जीवन और जीविका के हिस्से को भी बर्बाद करके कोई पछतावा नहीं करता। इसका जीता-जागता उदाहरण है, उत्तराखंड। राज्य के 13 जिलों में से एक बागेश्वर है जहां पर पिछले डेढ़ दशक से एक ही स्थान पर बार-बार खड़िया खनन का काम चल रहा था। इसके दुष्प्रभाव से यहां के कांडा तहसील के दर्जनों गांवों में पीने का पानी सूख गया है। खेतों और गांव में दरारें आयी हैं। गांव के पाले हुए जंगल काट दिये गये हैं। ढालदार पहाड़ियों पर अंधाधुंध खड़िया खनन से भूस्खलन होने लगा है। लोगों के आवागमन के रास्ते ध्वस्त कर दिये गये हैं जिससे महिलाओं को अपने पशुओं के लिए चारा लाना भी कठिन हो गया है। यहां खनन प्रभावित गांवों के लोगों ने अपनी बात प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने का जोरदार काम किया है, लेकिन स्थानीय स्तर पर उनकी बात को पूरी तरह अनसुना कर दिया गया। कई बार जब लोग अपनी समस्याओं को लंबे समय तक उठाते रहते हैं तो न्यायपालिका ध्यान देती है। इसका एक सराहनीय उदाहरण है -नैनीताल स्थित उच्च न्यायालय ने एक जनहित याचिका के रूप में खनन प्रभावितों की बात को सुनने का फैसला किया है। काबिले गौर है कि अदालत ने इस मामले की सुनवाई के लिए 7 नवंबर 2024 को संज्ञान लेते हुए दो अधिवक्ताओं को कोर्ट कमिश्नर के रूप में नियुक्त किया था जिनके द्वारा उच्च न्यायालय में रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इस रिपोर्ट में जिन तथ्यों को उजागर किया गया है उससे स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि जिम्मेदार स्थानीय प्रशासन ने मूक दर्शक होकर खनन के मालिकों को पनाह दी है जिससे लोगों को अपने जल, जंगल, जमीन से बेदखल होना पड़ा है। प्रभावित गांवों के लोग लंबे समय तक अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ते रहे, परन्तु उन्होंने कभी उनकी ओर ध्यान तक नहीं दिया। इस पर कोर्ट कमिश्नरों की जांच टीम ने प्रभावित क्षेत्र का अध्ययन करके बताया है कि आबादी वाले क्षेत्रों में पहाड़ियों को नीचे से खोदकर होने वाले भूस्खलन रोकने के लिए किसी भी तरह की रिटेनिंग वॉल और अन्य सुरक्षात्मक उपाय नहीं किए गये हैं।

अवैज्ञानिक तरीके से खनन कार्य में खदानों की सीमाओं पर हरित पट्टी और खनन योजना में सावधानी रखने के लिए जो नियमानुसार प्रस्तावित गतिविधियां हैं उन्हें धरातल से गायब किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक सुरक्षा प्रोटोकॉल जैसे बफरजोन, ढलान पर्यवेक्षण, सुरक्षात्मक ढांचे, जल निकास और जल प्रबंधन की कोई भी व्यवस्था नहीं पायी गयी। खनन प्रभावित गांवों में पत्थर, मिट्टी, लकड़ी, पठाल के मकान हो या आधुनिक सीमेंट-कांक्रीट, दोनों प्रकार के मकानों में दरारें पड़ी हुई हैं जिसके चलते लोगों की रातें खौफ में गुजर रही हैं। यहां की धरती भूकंप से कांपती रहती है। यहां खनन के मालिकों ने लोगों का जीना तो हराम किया ही है,

साथ ही उन्होंने खनन कार्य के दौरान बच्चों से भी निडर होकर काम करवाया है। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता और स्वतंत्र पत्रकार रमेश पांडे 'कृषक' ने जानकारी दी है कि जहां वयस्क लोग भी नहीं जा सकते, वहां बच्चों को खड़िया निकालने के लिए संकरी दरारों के भीतर भेजा जाता है। इसके अलावा चिंताजनक है कि खदानों में काम करने वाले मजदूरों को हेलमेट, बूट आदि उपकरण, जो निरंतर उपलब्ध कराये जाने चाहिए थे, उस पर भी गैर-जिम्मेदारी बरती गयी है। खनन जैसे मामलों में 'पर्यावरण प्रभाव आकलन रिपोर्ट' को लोग जानना पसंद करते हैं, लेकिन यहां तो इस विषय में बहुत बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। 'राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन एजेंसी' ने क्षेत्र में खनन कार्यों के लिए 373 स्वीकृतियां दी हैं, जबकि उनके पोर्टल पर 68 फाइलों को ही अपलोड किया गया है। पर्यावरण की रक्षा के लिए जिम्मेदार एजेंसी के द्वारा अपने दायित्व के प्रति सूचनाओं को छुपाना बहुत चिंतनीय है और खुले रूप में यह पर्यावरण के प्रति अनदेखी है। कोर्ट कमिश्नरों की जांच के दौरान खनन प्रभावित क्षेत्रों में पूरी तरह दिन में खनन कार्य बंद करके रखा जाता है और उनके लौटते ही रात भर खनन का काम चलता रहता है। 'राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड' ने भी यहां खनन कार्य में लगी भारी मशीनों और उनसे उत्पन्न ध्वनि-प्रदूषण, वायु-प्रदूषण सहित कई नकारात्मक प्रभावों की अनदेखी की है जिससे खनन कारोबार को अधिक बल मिला है। कई स्थानों पर अनुमति न मिलने के बाद भी खनन होता रहा है जिससे खनन प्रभावितों को लम्बे समय तक आंसू बहाने पड़े हैं। ज्यादा जानें खेल समाचार अपडेट विविध विषय पॉडकास्ट बॉलीवुड न्यूज अपडेट विदेश समाचार सारांश साक्षात्कार संग्रह अर्थजगत समाचार विशेष रिपोर्ट सदस्यता साक्षात्कार वीडियो विविध समाचार राजनीतिक विश्लेषण सेवाएं ज्यादा जानें युवा केंद्रित सामग्री ई-पेपर सदस्यता प्रादेशिक समाचार ई-पेपर एक्सेस विदेश समाचार सारांश हिंदी भाषा पाठ्यक्रम युवा विशेष सामग्री मनोरंजन समाचार समाचार सदस्यता विविध समाचार नैनीताल हाईकोर्ट ने खनन कारोबारी और उनको नियंत्रित करने वाली जिम्मेदार व्यवस्था की इस गैर-जिम्मेदाराना स्थिति के आकलन के बाद 6 जनवरी 2025 को बागेश्वर जिले में खड़िया खनन पर रोक लगा दी थी। इसके बाद भी 9 जनवरी को दूसरी सुनवायी की गई, जिसमें बागेश्वर के जिलाधिकारी भी मौजूद रहे।

# फर्जी सर्टिफिकेट, बनानेवाले, अंतरराज्यीय, ठग गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । अभिमन्यु** मांगलिक पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में एवं शुभम अग्रवाल अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में फर्जी सर्टिफिकेट बनाने वाले अन्तर्राज्यीय ठग गिरोह द्वारा कूटरचित तरीके से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सर्टिफिकेट बनवाकर पैसे लेकर चिकित्सा स्नातक (एमबीबीएस) में दाखिला कराने वाला अन्तर्राज्यीय अभियुक्त संजय दुबे पुत्र शिवदत्त दुबे निवासी जासा थाना विंध्याचल जनपद मीरजापुर उम्र करीब 48 वर्ष को ज्ञानपुर रोड से गिरफ़्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 20.09.2025 को थाना ज्ञानपुर पर शिकायकर्ता शाहिद अली पुत्र दानिश खां निवासी गोरी खमरिया थाना औराई जनपद भदोही के द्वारा पत्र संख्या में 3/छात्रा सेल/2025/1984 लखनऊ दिनांक 27.08.2025 के क्रम में प्रार्थना पत्र दिया गया कि राजकीय/स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित/उपआश्रित श्रेणी के अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया स्वतंत्रता सेनानी का प्रमाण पत्र संदिग्ध एवं कूटरचित प्रतीत होता है। थाना ज्ञानपुर पर स्वतंत्रता सेनानी के अस्तित्व का प्रमाण पत्र कूटरचित होने के संबंध में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अन्तर्राज्यीय ठग गिरोह के सदस्य अभियुक्त शुभम सिंह पुत्र रविंद्रप्रताप सिंह निवासी जिगना पूर्वकोर्ट थाना जिगना जनपद मिजार्पुर उम्र करीब 27 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। उ0नि0 श्री रमेश कुमार की विवेचनात्मक कार्यवाही में फर्जी सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के परिजनों से पूछताछ के क्रम में अन्तर्राज्यीय ठग गिरोह के सरगना अभियुक्त संजय दुबे पुत्र शिवदत्त दुबे निवासी जासा थाना विंध्याचल जनपद मीरजापुर उम्र करीब 48 वर्ष का नाम प्रकाश में आने पर गिरफ्तारी की कार्यवाही



प्रचलित की गई।गिरफ्तारी का विवरणः- अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन एवं , शुभम अग्रवाल,* अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में कूटरचित तरीके व जालसाजी संबंधित घटनाओं के शीघ्र अनावरण एवं उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 11.12.2025 को थाना ज्ञानपुर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण एवं चेकिंग के दौरान मुखबीर सूचना पर कूटरचित तरीके से चिकित्सा स्नातक (एमबीबीएस) में पैसे के बल पर दाखिला कराने वाला , थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही से संबंधित प्रकाश में आए अन्तर्राज्यीय अभियुक्त संजय दुबे पुत्र शिवदत्त दुबे निवासी जासा थाना विंध्याचल जनपद मीरजापुर उम्र करीब 48 वर्ष को ज्ञानपुर रोड गोपीगंज से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। अन्य वांछितों के विरुद्ध विवेचना प्रचलित है।

:पूछताछ का विवरणः

पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोगों का संगठित गिरोह है जो फर्जी स्वतंत्रता सेनानी का सर्टिफिकेट बनाकर चिकित्सा स्नातक (एमबीबीएस) की परीक्षा में चयनित कर दिया गया है एवं इनके द्वारा बनाए गए फर्जी स्वतंत्रता सेनानी सर्टिफिकेट का प्रयोग कराकर विभिन्न सरकारी नौकरियों में भर्ती कराया जाता है। पूर्व में फर्जी स्वतंत्रता सेनानी का सर्टिफिकेट बनाकर पुलिस के पद पर सीधी भर्ती 2023 में चयनित कर दिया गया था। जिसमें भदोही पुलिस द्वारा अभियुक्त सहित गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।गिरफ़्तार अन्तर्राज्यीय अभियुक्त का नाम पता अभियुक्त संजय दुबे पुत्र शिवदत्त दुबे निवासी जासा थाना विंध्याचल जनपद मीरजापुर उम्र करीब 48 वर्ष।वांछित अभियुक्त प्रदीप दूबे पुत्र दिनेश कुमार दुबे निवासी जासा थाना विंध्याचल जनपद मीरजापुर।गिरफ्तारी करने वाली टीम उ0नि0 रमेश कुमार ,का0 अभिमन्यु राम एवं कां0 मनीष कुमार थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही।

# उपस्थिति में गिरावट पर बीईओ की तीखी टिप्पणी, सभी विद्यालयों को सुधार के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रामनगर के खंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह ने अर्द्धवार्षिक परीक्षा के दौरान क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों का सघन अनुश्रवण किया, जिसमें कई दिलचस्प और चिंताजनक स्थितियाँ सामने आईं। उच्च प्राथमिक विद्यालय उफरौली में 125 में से 115 बच्चे परीक्षा देते मिले, जबकि प्राथमिक विद्यालय उफरौली में 155 में से 146 छात्र उपस्थित थे। वहीं प्राथमिक विद्यालय सिलौटा में 102 में से 94 बच्चे परीक्षा हॉल में बैठे दिखे। बीईओ ने इन विद्यालयों में बैठक व्यवस्था सुधारने और शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। लेकिन कटैया खादर के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन के अनुपात में उपस्थिति काफी कम मिली, जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए दोनों प्रधानाध्यापकों को चेतावनी जारी की और सुधार के स्पष्ट निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय उफरौली में विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा के प्रथम चरण में सफल 01 छात्र और 01 छात्रा को ज्योमेट्री बॉक्स व नोटबुक देकर सम्मानित किया गया तथा अगली परीक्षा के लिए और बेहतर तैयारी करने को प्रेरित किया गया।



अर्धवार्षिक परीक्षा के मद्देनजर जांच करते बीईओ।

बिना हेलमेट मोटरसाइकिल चलाने वालों पर अब चालान की तैयारी - डीएम चित्रकूट। जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने दो दिवसीय सख्त पहल की है। जिला मजिस्ट्रेट पुलकित गर्ग के निर्देश पर 10 और 11 दिसंबर को कलेक्ट्रेट परिसर में मोटरसाइकिल चालकों के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें हेलमेट पहनने की अनिवार्यता पर जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान लगातार यह देखा जा रहा था कि बड़ी संख्या में वाहन चालक बिना हेलमेट के सड़क पर दौड़ रहे हैं, जिसके कारण अधिकांश गंभीर चोटें और कई दुर्घटनाएँ होती हैं। प्रशासन के मुताबिक यह स्थिति न केवल जनहानि बढ़ाती है, बल्कि कानून व्यवस्था को भी चुनौती देती है। डीएम ने जनता से अपील की कि हेलमेट पहनना केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि अपनी सुरक्षा की पहली शर्त है। जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि अपने कर्मचारियों को बिना हेलमेट वाहन न चलाने की कड़ी हिदायत दें। आदेशों का पालन न होने पर अब नियम अनुसार चालान की कार्रवाई की जाएगी।जिले में बाल श्रम के खिलाफ बड़ा अभियान, कई प्रतिष्ठानों पर कानूनी शिकंजा 0 2026 तक बाल श्रम मुक्त का लक्ष्य 0 105 वाद दर्ज कराई गई कार्रवाई चित्रकूट। सहायक श्रमायुक्त आरके गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशों के अनुरूप जनपद को बाल श्रम मुक्त घोषित करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। उच्च न्यायालयों के निर्देशों के तहत बाल अधिकारों और बाल श्रम के दुष्परिणामों को लेकर जनजागरूकता अभियान भी लगातार चलाया जा रहा है। उनका कहना है कि कानून सख्त हैं, पर सामाजिक व्यवहार में बदलाव लाए बिना इस बुराई का खात्मा संभव नहीं। बाल श्रम बच्चों की शिक्षा, भविष्य, स्वास्थ्य और मानसिक विकास पर गहरा दुष्प्रभाव डालता है, साथ ही विभिन्न अपराधों को जन्म देता है, जिससे प्रदेश और देश की छवि को भी क्षति पहुँचती है। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम-2016 के अंतर्गत 14 वर्ष तक बाल श्रम पूर्णतः निषिद्ध है, जबकि 14-18 वर्ष की उम्र में विशेष नियमों के तहत ही कार्य किया जा सकता है। वर्ष 2024-26 की कार्रवाई में जनपद के 135 प्रतिष्ठानों की जांच की गई, जिनमें बाल अथवा किशोर श्रमिक पाए जाने पर 105 सेवायोजकों के खिलाफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में वाद दर्ज कराया गया। खतरनाक श्रेणी में पकड़े जाने पर 6 माह से 2 वर्ष की सजा या 20,000 से 50,000 रुपये तक जुर्माना तय है। श्रम विभाग ने अपील की है कि बाल श्रम की सूचना 112, 1098, पेंसिल पोर्टल या श्रम कार्यालय को दें, ताकि 2026 तक जनपद को बाल श्रम मुक्त बनाने का संकल्प पूरा हो सके।

मिशन शक्ति के तहत महिला आयोग 17 दिसंबर को करेगा जनसुनवाई और चौपाल कार्यक्रम चित्रकूट। जिले में महिलाओं की समस्याओं और सुरक्षा मुद्दों को लेकर 17 दिसंबर को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती प्रतिभा कुशवाहा मिशन शक्ति के तहत महिला जनसुनवाई और जागरूकता चौपाल का आयोजन करेंगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता ने बताया कि राजकीय गेस्ट हाउस में होने वाले इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा नामित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक या उनके प्रतिनिधि, महिला थानाध्यक्ष और संबंधित क्षेत्राधिकारी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य है-महिलाओं की आवाज को सीधे अधिकारियों तक पहुँचना और उनकी शिकायतों का मौके पर समाधान सुनिश्चित करना।

## एनईपी के तहत आंगनबाड़ी से कक्षा एक तक बच्चों की सीखने की तैयारी पर डायट में बड़ी कार्यशाला

**स्कूल समन्वय की नई रूपरेखा, मुख्य सेविकाओं को विशेष प्रशिक्षण**

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को कक्षा एक में सुगम प्रवेश के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों और परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के बीच समन्वय को मजबूत करने की दिशा में एकदिवसीय स्कूल रेडीनस कार्यशाला का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) शिवरामपुर चित्रकूट में किया गया। कोलोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों के नोडल शिक्षकों द्वारा आंगनबाड़ी मुख्यसेविकाओं को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य बीके शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। उन्होंने कहा कि बच्चे आंगनबाड़ी में खेलते हुए सीखने की प्रक्रिया से गुजरते हैं, जबकि प्राथमिक विद्यालयों में उन्हें अधिक संरचित सीखने के वातावरण में प्रवेश करना होता है। ऐसे में रेडीनस कार्यक्रम बच्चों की सीखने की रुचि और आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यशाला का संचालन डायट के नोडल प्रवक्ता मोहित कुमार सिंह, नोडल एसआरजी गीत श्रीवास्तव तथा नव चयनित एआरपी दीपक गुप्ता ने किया। प्रशिक्षकों



कार्यशाला में प्रतिभागियों को सम्मानित करते बीएसए व मौजूद प्रतिभागीगण।

द्वारा स्कूल रेडीनस फेज-01 हस्तपुस्तिका के आधार पर बच्चों की शारीरिक, मानसिक और संवेगात्मक तैयारियों से संबंधित जरूरी गतिविधियों का प्रशिक्षण कराया गया। ईसीसीई टूल, स्कूल रेडीनस मैन्युअल, डीसीएफ भरने की प्रक्रिया तथा करके सीखने की विधि के प्रैक्टिल सत्र भी आयोजित किए गए। कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में डायट के सभी प्रवक्ता व कर्मचारी उपस्थित रहे।



खेल प्रतियोगिता में मिले प्रमाण पत्र के साथ छात्र।

## बांदा मंडल प्रतियोगिता में बरगढ़ आईटीआई के छात्रों ने दिखाया जीत का असली दम

**अखंड भारत संदेश**

**बरगढ/चित्रकूट।** बांदा में आयोजित मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरगढ़ चित्रकूट के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया। संयुक्त निदेशक चित्रकूट धाम मंडल के आदेश पर आयोजित इस प्रतिस्पर्धा में जनपद स्तर पर चयनित बरगढ़ आईटीआई की टीमों ने दमदार उपस्थिति दर्ज की। खो-खो बालिका व बालक दोनों वर्गों में बरगढ़ की टीमों ने प्रथम स्थान हासिल कर मैदान में अपना दबदबा दिखाया। वहीं फिटर ट्रेड की छात्रा आंचल ने 100 मीटर और 400 मीटर दौड़, दोनों में द्वितीय स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य समरजीत सिंह, एडमिन शत्रुघ्न प्रजापति और अनुदेशकों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके परिश्रम और लगन की सराहना की।

## यूरिया संकट पर भड़के किसान, समितियों की जबरन नैनो खाद पर उठे तीखे सवाल

**यूरिया वितरण में धांधली के आरोप, किसानों की लाइनें फिर लंबी**

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारतीय किसान यूनियन चित्रकूट की समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष राम सिंह राही की अध्यक्षता में कर्वी स्थित जिला कार्यालय में आयोजित हुई, जहां किसानों की बढ़ती परेशानियों ने माहौल को बेहद गंभीर बना दिया। किसानों ने बताया कि जिले में यूरिया खाद को लेकर हालात फिर बिगड़ चुके हैं और किसान एक बार फिर लंबी लाइनों में खड़े होने को मजबूर हैं। आरोप है कि सहकारी समितियां चार बोरी यूरिया के साथ जबरन नैनो यूरिया थमा रही हैं, जिससे किसानों में गहरा आक्रोश पनप रहा है। वहीं निजी दुकानों पर खाद महंगे दामों में बिकने का आरोप भी खुलकर सामने आया, जबकि जिला प्रशासन पर मूकदर्शक बने रहने की नाराजगी भी जताई गई। बीकेयू प्रतिनिधि मंडल जल्द ही जिलाधिकारी पुलकित गर्ग से मुलाकात करेगा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर चंद्रभान सिंह पुत्र स्व नन्हे सिंह, ग्राम खनडेहवां को मऊ ब्लॉक का ब्लॉक अध्यक्ष घोषित किया गया। उन्होंने बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की विचारधारा पर चलते हुए शपथ ग्रहण किया। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष नरेश तिवारी, जिलाउपाध्यक्ष नीलकंठ द्विवेदी, ब्लॉक अध्यक्ष नरेश सिंह, रामेश्वर सिंह, ज्ञान सिंह, तहसील महामंत्री शत्रुघ्न सिंह, राकेश सिंह, दिनेश पटेल और जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।



सर्वसम्मति से चंद्रभान सिंह को मऊ ब्लॉक का ब्लॉक अध्यक्ष घोषित करते।

# केन्द्रीय विद्यालय की वार्षिक खेल प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया दम, मैदान बना प्रतिभा का मंच

**केन्द्रीय विद्यालय में खेलों में बहा पसीना, मंच पर चमके मेडल, छात्रों ने जीता दर्शकों का मन**

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** 14वां वार्षिक खेल दिवस ऊर्जा, अनुशासन और उत्साह के माहौल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने आकर्षक मार्च पास्ट की सलामी लेकर किया, जिसका नेतृत्व छात्र कार्यकारिणी परिषद ने किया। विभिन्न सदनों द्वारा प्रस्तुत तालमेल और अनुशासन ने मैदान को जोश से भर दिया। विद्यालय की प्राचार्या स्नेह लता ने मुख्य अतिथि का स्वागत हरित पौध भेंट कर किया। इसके बाद खेल मैदान में ट्रैक इवेंट्स की धूम मच गई, जिसमें 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 600 मीटर दौड़ और 400 मीटर रिले सबसे आकर्षण का केंद्र रहीं। विद्यार्थियों ने खेल भावना, टीमवर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की मिसाल पेश की। खेल विभाग प्रभारी विनय पांडेय ने पूरे कार्यक्रम का सटीक और सुव्यवस्थित संचालन किया, जबकि निर्णायक मंडल ने निष्पक्षता के साथ परिणामों की घोषणा की। पुरस्कार वितरण समारोह में केंद्रीय विद्यालय संगठन के राष्ट्रीय स्तर के विजेता खिलाड़ियों सहित सदनवार विजेताओं को पदक और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने छात्रों को खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने और विद्यालयी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्राचार्या शशिकला की विशेष उपस्थिति रही। आयोजन को सफल बनाने में शिक्षक अवधेश पाल, रामानुज चतुर्वेदी, संतोष श्रीवास्तव, प्रिया वंदना, समीर शुक्ल, अंकिता महाराज, दीपक कुमार और शिव कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में वरिष्ठ शिक्षक आर.के. मौर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारी पूरी, चयनित जोड़ों को सूचना जारी चित्रकूट। सीतापुर चित्रकूट में 15 दिसंबर को होने वाला मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम एक बार फिर सुर्खियों में है। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ वैभव त्रिपाठी ने बताया कि योजना के तहत पात्र जोड़ों का चयन कर पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर ऑनलाइन पोर्टल से स्वचालित संदेश भेजे जा रहे हैं। जिन आवेदिकाओं को संदेश मिल चुका है, उन्हें निर्देशित किया गया है कि वे अपने परिजनों संग सुबह 7 बजे राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में अनिवार्य रूप से पहुंचें। विवाह से पहले वर-वधू के लिए निर्धारित कपड़े और उपहार सामग्री भी यहीं से प्रदान की जाएगी। अतिरिक्त जानकारी के लिए संबंधित विकास खंड या समाज कल्याण कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।



ज्योति-भूमि की धुआंधार बैटिंग से सागर फाइनल में, पूर्वांचल की उम्मीदें हुईं ध्वस्त 0 ज्योति बनी वूमन ऑफ द मैच 0 पूर्वांचल को रौंदकर सीधे फाइनल में प्रवेश चित्रकूट। राष्ट्रऋषि भारत रत्न नानाजी देशमुख की स्मृति में आयोजित चित्रकूट चैलेंज कप 2025 के महिला वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में सोमवार को सागर की टीम ने पूर्वांचल को करारी शिकस्त देते हुए दस विकेट से फाइनल में धमाकेदार प्रवेश कर लिया। मैच से पूर्व दीनदयाल शोध संस्थान एवं चित्रकूट स्पोर्ट्स क्लब द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य, पार्षद रवि माला सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। टॉस जीतकर पूर्वांचल ने पहले बल्लेबाजी चुनी, पर पूरी टीम 18 ओवर में 82 रन पर सिमट गई। भूमि ने 14, गायत्री ने 10 और दूसरी गायत्री ने 9 रन जोड़े। सागर की ओर से तनु ने 3, रचना ने 2 जबकि रिया और सोनल ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में सागर की ओपनर जोड़ी ने शुरुआत से ही मैच को एकतरफा बना दिया। ज्योति ने नाबाद 49 और भूमि मिश्रा ने नाबाद 24 रन जोड़ते हुए 16 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। शानदार पारी के लिए ज्योति वुमन ऑफ द मैच बनीं। मैच संचालन में प्रवीण तिवारी और सागर त्रिपाठी अंपायर रहे जबकि सर्वेश निगम ने कमेंट्री और शशि भूषण सिंह ने स्कोरिंग संभाली। आयोजन की सफलता में राजकुमार निषाद और उनकी टीम का सहयोग सराहनीय रहा। अब फाइनल में सागर का मुकाबला जबलपुर से होगा। विक्षिप्त युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार चित्रकूट। अपराध नियंत्रण अभियान के तहत सरधुवा पुलिस ने एक सनसनीखेज दुष्कर्म प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी तीरथ दुबे को गिरफ्तार कर लिया। 10 दिसंबर को मानसिक रूप से अस्वस्थ 20 वर्षीय युवती के साथ सरसो के खेत में की गई जबरदस्ती के मामले में वादिनी की सूचना पर मुकदमा दर्ज हुआ। जांच अधिकारी दारोगा अरविन्द्र पाण्डेय की टीम ने पीड़िता के बयान, गवाहों और मेडिकल साक्ष्यों के आधार पर 11 दिसंबर को आरोपी को धर-दबोचा। कार्रवाई में मुख्य आरक्षी बृजेन्द्र कुमार और आरक्षी हरेन्द्र कुमार शामिल रहे।विद्यालयों से गाँवों तक तम्बाकू विरोधी मुहिम को जनआंदोलन बनाने की तैयारी चित्रकूट। स्वस्थ और नशामुक्त समाज की दिशा में चित्रकूट में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 ने नई सक्रियता पैदा कर दी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी के अनुसार इस अभियान में स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस और पंचायती राज विभाग मिलकर युवाओं को तंबाकू के दुष्प्रभावों से जागरूक कर रहे हैं। क्योंकि अधिकांश युवाओं में तंबाकू सेवन की शुरुआत किशोरावस्था में ही होती है, इसलिए इस पहल का फोकस स्कूलों-कॉलेजों को तंबाकू मुक्त घोषित करना और समुदाय में जनभागीदारी बढ़ाना है। जिलेभर में स्वास्थ्य विभाग की टीमें स्कूलों में जाकर बच्चों को नशा छोड़ने की शपथ दिला रही हैं, साथ ही पोस्टर और निबंध प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की जा रही हैं। नोडल अधिकारी डॉ संतोष कुमार ने बताया कि अभियान के तहत तंबाकू मुक्त संस्थान मॉडल, तंबाकू मुक्त ग्राम कार्यक्रम, कानूनों के प्रवर्तन, सोशल मीडिया जागरूकता और क्षमता निर्माण जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं। युवाओं को संदेश दिया जा रहा है कि वे स्वयं तंबाकू से दूर रहें और समाज को भी इस दिशा में प्रेरित करें।



प्लेसमेंट के लिए तैयार छात्र-छात्राएं।

## आगामी 17 दिसंबर को आईटीआई शिवरामपुर में भर्ती अभियान, तकनीकी युवाओं को मौका

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर में रोजगार की बड़ी खबर सामने आई है। प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने बताया कि जीनियस कंपनी द्वारा 17 दिसंबर को संस्थान परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इलेक्ट्रिशियन, वायरमैन, फिटर, इलेक्ट्रॉनिक्स और पावर डिस्ट्रीब्यूटर ट्रेड से आईटीआई पास आउट पुरुष प्रशिक्षार्थी इसमें भाग ले सकेंगे। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी की ओर से 16,700 से 25,000 सीटीसी तक वेतन और ट्रैवल अलाउंस देने का प्रावधान है। इच्छुक अभ्यर्थी प्लेसमेंट से जुड़ी विस्तृत जानकारी के लिए सीधे आईटीआई शिवरामपुर से संपर्क कर सकते हैं।

## ममसीबुजुर्ग छात्रों का चित्रकूट टूर, उच्च शिक्षा के मॉडल संस्थानों का प्रत्यक्ष अनुभव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजकीय हाईस्कूल ममसीबुजुर्ग का शैक्षिक भ्रमण शुक्रवार को चित्रकूट के विभिन्न संस्थानों में सम्पन्न हुआ, जिसमें छात्रों ने उच्च शिक्षा की वास्तविक दुनिया को नजदीक से देखा। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत आयोजित इस टूर में बच्चों ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय में जाकर अलग-अलग विभागों का अवलोकन किया और आगे की पढ़ाई के नए अवसरों को समझा। इसके बाद छात्र राजकीय जिला पुस्तकालय कर्वी पहुँचे, जहाँ डिजिटल पुस्तकालय की अत्याधुनिक सुविधाएँ- बुक इशू-रिटर्न मशीन, आरएफआईडी डोर और विविध संग्रह- ने उन्हें विशेष रूप से प्रभावित किया। पुस्तकालय प्रभारी डॉ प्रदीप शुक्ल ने सेवाओं की जानकारी दी। प्रधानाध्यापक कपिल देव यादव, शिक्षकों व सहयोगियों के साथ सैकड़ों छात्र इस भ्रमण में शामिल रहे।

# ट्रंप मेहरबान, पाकिस्तान पहलवान,

## बलूचिस्तान को गिरवी रख मुनीर ने कर ली F-16 पर 6000 करोड़ की डील



**अमेरिका**

**अमेरिका** ने पाकिस्तान को उसके एफ-16 लड़ाकू विमानों के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी, उपकरण और सहायता प्रदान करने के लिए 686 मिलियन डॉलर के पैकेज को मंजूरी दे दी है। डॉन अखबार ने गुरुवार को बताया कि यह मंजूरी अमेरिकी रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) द्वारा सोमवार को कांग्रेस को लिखे गए एक पत्र के माध्यम से दी गई। इस सौदे में लिंक-16 संचार प्रणाली, क्रिप्टोग्राफिक उपकरण, विमानन उन्नयन, प्रशिक्षण कार्यक्रम और पूर्ण रसद सहायता शामिल हैं। इन अद्यतनों का उद्देश्य पाकिस्तान के एफ-16 बेड़े का आधुनिकीकरण करना और परिचालन सुरक्षा में सुधार करना है।

डीएससीए के पत्र के अनुसार, इस बिक्री से पाकिस्तान को आतंकवाद विरोधी अभियानों के दौरान अमेरिकी और सहयोगी बलों के साथ अंतर-संचालनीयता बनाए रखने और भविष्य के अभियानों के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी। इस उन्नयन से विमान का जीवनकाल 2040 तक बढ़ने और उड़ान सुरक्षा संबंधी प्रमुख चिंताओं का समाधान होने की उम्मीद है। इस समझौते से पाकिस्तान वायु सेना और अमेरिकी वायु सेना के बीच युद्ध अभियानों, अभ्यासों और प्रशिक्षण में निर्बाध एकीकरण और अंतर-संचालनीयता सुनिश्चित होगी, और नवीनीकरण से विमान का जीवनकाल 2040 तक बढ़ जाएगा, साथ ही उड़ान सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण चिंताओं का भी समाधान होगा।

पत्र में पाकिस्तान की नई तकनीक को अपनी सशस्त्र सेनाओं में प्रभावी ढंग से एकीकृत करने की क्षमता का उल्लेख किया गया है। इसमें यह आश्वासन भी दिया गया है कि इस बिक्री से क्षेत्र में सैन्य संतुलन नहीं बिगड़ेगा। इस पैकेज का कुल मूल्य 686 मिलियन डॉलर है,

जिसमें से 37 मिलियन डॉलर प्रमुख रक्षा उपकरणों के लिए और 649 मिलियन डॉलर अतिरिक्त वस्तुओं, उन्नयन और सेवाओं के लिए आवंटित किए गए हैं। डीएससीए ने कहा कि यह बिक्री अमेरिकी विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों का समर्थन करती है, साथ ही यह सुनिश्चित करती है कि पाकिस्तान आने वाले वर्षों तक अपने एफ-16 जेट विमानों का सुरक्षित और प्रभावी ढंग से संचालन कर सके।

# मेलोनी ने भेजा इनवाइट, पीएम मोदी बोले 'जरूर आएंगे'



**इटली**

**प्रधानमंत्री** मोदी बहुत जल्द इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात करने वाले हैं। दरअसल मेलोनी ने 2026 में प्रधानमंत्री मोदी को इटली आने के लिए नोटिशन भेजा और इस दौरे को लेकर भारत में भी सहमति बना ली। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 दिसंबर को इटली के उप प्रधानमंत्री एंटोनियो ताजानी से मुलाकात की और संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना को लागू करने के लिए उठाए गए कदमों की सराहना की। भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आए ताजानी ने मोदी से मुलाकात की। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज इटली के उप प्रधानमंत्री और विदेश एवं अंतरराष्ट्रीय सहयोग मंत्री, एंटोनियो ताजानी से मिलकर खुशी हुई। मोदी ने कहा, भारत-इटली की दोस्ती लगातार मजबूत हो रही है, जिससे हमारे लोगों और वैश्विक समुदाय को काफी फायदा हो रहा है।

इस मुलाकात के दौरान ही तजानी ने पीएम मोदी को एक खास न्योता दिया। कहा इटली के प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने 2026 में आपको इटली आने के लिए इनविटेशन भेजा। तजानी के मुताबिक मोदी ने इस पर हां भी कहा। यानी दौरे को लेकर सहमति बन गई। बस तारीख अभी फाइनल नहीं हुई। तजानी ने यह भी बताया कि भारत इटली रिश्ते इस समय एक नए दौर में प्रवेश कर रहे हैं। आने वाले सालों में दोनों देशों के बीच सहयोग और तेज बढ़ेगा। व्यापार हो, टेक्नोलॉजी हो या कूटनीति इटली के लिए भारत अहम और भारत के लिए इटली भी। यानी भविष्य में दोनों देशों के बीच काफी मूवमेंट दिखेगा। हालांकि पीएम मोदी से मुलाकात के बाद सजानी ने यह बात भी कही कि उनकी यह मुलाकात बहुत पॉजिटिव और उपयोगी रही। मतलब बातचीत में काम की बातें भी हुई और माहौल भी अच्छा रहा।

# 2520 KM एरिया में NOTAM जारी, अब कौन सा डेडली मिसाइल लॉन्च करने वाला है भारत?

### भारतीय सशस्त्र बल इस क्षेत्र में एक शक्तिशाली सुपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण कर सकते थे



**अमेरिका**

भारत के पूर्वी हिस्से में 2,520 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर नॉटैम (वायुसैनिकों के लिए सूचना) जारी की गई है, जिसमें ओडिशा के एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लेकर बंगाल की खाड़ी के विशाल क्षेत्र तक का इलाका शामिल है। यह सूचना 17 से 20 दिसंबर तक प्रभावी रहेगी। सूत्रों के अनुसार, यह अलर्ट किसी मिसाइल परीक्षण से संबंधित हो सकता है, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

यह चेतावनी भारत द्वारा 6 से 8 दिसंबर तक बंगाल की खाड़ी के ऊपर 14,000 किलोमीटर के क्षेत्र में नो-फ्लाई जोन नोटिस जारी करने के कुछ दिनों बाद आई है, क्योंकि संभावित मिसाइल परीक्षण की आशंका थी। सूत्रों के मुताबिक, भारतीय सशस्त्र बल इस क्षेत्र में एक शक्तिशाली सुपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण कर सकते थे। इससे पहले, भारतीय वायु सेना के प्रमुख सैन्य अभ्यास के लिए राजस्थान में 23 से 25 जुलाई के बीच बाड़मेर से जोधपुर तक के क्षेत्रों को कवर करते हुए NOTAM जारी किया गया था। इस अभ्यास का उद्देश्य रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण रेगिस्तानी क्षेत्र में युद्ध की तैयारियों को बढ़ाना था। यह वही क्षेत्र है जहां ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइलों द्वारा सबसे अधिक घुसपैठ देखी गई थी। हालांकि, सभी खतरों को रोककर सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया गया था।

नोटिस टू एयरमेन, विमानन उद्योग में पायलटों, एयर ट्रैफिक कंट्रोलरों और अन्य विमानन कर्मियों के साथ महत्वपूर्ण, समय-संवेदनशील जानकारी साझा करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक आधिकारिक अलर्ट है।

जैसा कि नाम से पता चलता है, यह सीधे उड़ान संचालन और हवाई सुरक्षा से जुड़ा है। NOTAM का प्राथमिक उद्देश्य सुरक्षित और सुचारू हवाई यात्रा सुनिश्चित करना है। जब भी किसी हवाई अड्डे, हवाई क्षेत्र या विमानन सुविधा से संबंधित कोई अस्थायी परिवर्तन, खतरा या विशेष स्थिति होती है, तो ठडळअट जारी किया जाता है। यह जानकारी दूरसंचार प्रणालियों के माध्यम से शीघ्रता से प्रसारित की जाती है ताकि उड़ान योजना में शामिल लोग मार्गों या समय-सारणी को तुरंत समायोजित कर सकें।

उड़ान संचालन में NOTAM की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह हवाई अड्डे के संचालन और एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ATC) को वास्तविक समय का डेटा प्रदान करता है, जो फिर इस जानकारी को पायलटों तक पहुंचाते हैं। चाहे वह रनवे बंद होना हो, खराब मौसम हो, हवाई क्षेत्र में अवरोध हो, या कोई नई परिचालन प्रक्रिया हो, NOTAM यह सुनिश्चित करता है कि पायलटों और ग्राउंड स्टाफ को इसकी जानकारी पहले से हो।

# मोरक्को के फेज शहर में दो इमारतें ढही, 22 लोगों की मौत

**मोरक्को**

**मोरक्को** के फेज शहर में रात में दो बहुमंजिला इमारतों के ढहने से 22 लोगों की मौत हो गई। इस साल यहां इमारतों के ढहने की यह दूसरी घटना है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मोरक्को की सरकारी समाचार एजेंसी एमएपी के अनुसार, प्रभावित चार मंजिला आवासीय इमारतों में कुल आठ परिवार रहते थे।

इस हादसे में 16 लोग घायल हो गए और उन्हें नजदीकी अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया। अधिकारियों ने बताया कि पूरे इलाके को खाली करा लिया गया है और खोज एवं बचाव अभियान जारी है। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इमारत गिरने का कारण क्या था और कितने लोग लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। एमएपी ने बताया कि इन संरचनाओं का निर्माण 2006 में झुग्गी-झोपड़ियों से मुक्त शहर नामक एक पहल के दौरान किया गया था। फेज मोरक्को का तीसरा सबसे बड़ा शहर है और इस महीने आयोजित होने वाले अफ्रीका कप ऑफ नेशंस और 2030 के फीफा विश्व कप के मेजबान शहरों में से एक है। यह शहर अपने दीवारों से घिरे मध्ययुगीन बाजारों के लिए प्रसिद्ध है।

# Ex-ISI चीफ फैज हमीद को 14 साल की जेल, पाकिस्तान की आर्मी कोर्ट ने सुनाया फैसला




**राज्य की सुरक्षा और हितों के लिए हानिकारक आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने, अधिकार और सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग करने और व्यक्तियों को गलत तरीके से नुकसान पहुंचाने से संबंधित चार आरोपों में मुकदमा चलाया गया।**

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** की एक सैन्य अदालत ने गुरुवार को इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के पूर्व प्रमुख फैज हमीद को 14 साल जेल की सजा सुनाई। फील्ड जनरल कोर्ट मार्शल (एफजीसीएम) ने हमीद को राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने और आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने सहित कई आरोपों में जेल की सजा सुनाई। एपी के अनुसार, पाकिस्तान की सैन्य अदालत के एक बयान में कहा गया आरोपी पर राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने, राज्य की सुरक्षा और हितों के लिए हानिकारक आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने, अधिकार और सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग करने और व्यक्तियों को गलत तरीके से नुकसान पहुंचाने से संबंधित चार आरोपों में मुकदमा चलाया गया।

सेना ने कहा कि अदालत ने लंबी और श्रमसाध्य कानूनी कार्यवाही के बाद आईएसआई के पूर्व महानिदेशक हमीद को सभी आरोपों में दोषी पाया और उसे 14 साल की कैद की सजा सुनाई। हालांकि सेना ने कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं दी, लेकिन माना जाता है कि हमीद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी थे, जो 2023 से कई आरोपों में जेल में हैं।

हमीद को पिछले साल पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा टॉप सिटी परियोजना घोटाले से जुड़े आरोपों की आंतरिक जांच के आदेश के बाद हिरासत में लिया गया था। टॉप सिटी कंपनी इस्लामाबाद के पास एक निजी आवास परियोजना के लिए जमीन विकसित कर रही थी।

हमीद, जिन्होंने 2019 से 2021 तक आईएसआई के महानिदेशक के रूप में कार्य किया, आईएसआई प्रमुख रहते हुए बेहद शक्तिशाली माने जाते थे। उन्हें इस प्रतिष्ठित पद पर तब नियुक्त किया गया था जब तत्कालीन आईएसआई प्रमुख और वर्तमान सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को पद से हटा दिया गया था।

# शर्मनाक! गोल्ड कार्ड लॉन्च करते हुए भारतीयों को लेकर ये क्या बोल गए



**अमेरिका**

**डोनाल्ड** ट्रंप ने कहा कि यह शर्मनाक है कि भारत और चीन समेत हजारों विदेशी छात्रों को अमेरिका के शीर्ष विश्वविद्यालयों से स्नातक होने के बाद देश छोड़ना पड़ता है। उन्होंने ये टिप्पणी 'ट्रंप गोल्ड कार्ड' के लॉन्चिंग के दौरान की गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति का दावा है कि ट्रंप गोल्ड कार्ड से कंपनियां ऐसे प्रतिभाशाली छात्रों को देश में ही नियुक्त और बनाए रख सकेंगी। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन का उपयोग औपचारिक रूप से 'ट्रम्प गोल्ड कार्ड' लॉन्च करने के लिए किया, जो एक नया दस लाख डॉलर का वीजा कार्यक्रम है जो अमेरिकी नागरिकता का मार्ग प्रदान करता है और कंपनियों को उच्च कुशल विदेशी स्नातकों को नियुक्त करने और बनाए रखने की अनुमति देता है। ट्रंप गोल्ड कार्ड एक ऐसा वीजा है जो अमेरिका को पर्याप्त लाभ प्रदान करने की किसी व्यक्ति की क्षमता पर आधारित है।

व्हाइट हाउस में एक बैठक में ट्रंप ने कहा कि किसी महान व्यक्ति का हमारे देश में आना एक उपहार के समान है, क्योंकि हमें लगता है कि ये कुछ ऐसे असाधारण लोग होंगे जिन्हें यहां रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कॉलेज से स्नातक करने के बाद, उन्हें भारत वापस जाना पड़ता है, उन्हें चीन वापस जाना पड़ता है, उन्हें फ्रांस वापस जाना पड़ता है। उन्हें वापस वहीं जाना पड़ता है, जहां से वे आए थे। वहां रुकना बहुत मुश्किल है। यह शर्मनाक है। यह एक हास्यास्पद बात है।

# 12 फरवरी से आम चुनाव, मुख्य चुनाव आयुक्त नसीरुद्दीन ने किया ऐलान



**बांग्लादेश**

**बांग्लादेश** में 12 फरवरी को नई संसद के चुनाव के लिए मतदान होगा। देश के चुनाव आयोग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पिछले साल छात्रों के हिंसक विद्रोह के बाद, जिसके चलते तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत भागना पड़ा था, यह पहला राष्ट्रीय चुनाव है। नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में एक अंतरिम प्रशासन 173 मिलियन लोगों वाले मुस्लिम बहुल देश पर शासन कर रहा है, लेकिन सुधारों में देरी को लेकर बढ़ते असंतोष से जूझ रहा है, जिससे नए विरोध प्रदर्शन और राजनीतिक विभाजन को बढ़ावा मिल रहा है। समाचार एजेंसी बांग्लादेश संगबाद संगस्था (बीएसएस) के अनुसार, नासिर उद्दीन ने उत्तर-पश्चिमी रंगपुर जिले में एक कार्यक्रम में कहा, "लोगों का चुनाव प्रणाली, चुनाव आयोग और चुनावी प्रक्रिया में शामिल प्रशासनिक तंत्र पर से विश्वास खत्म हो गया है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने आवामी लीग के साफ छवि वाले नेताओं और कार्यकताओं को चुनाव लड़ने की इजाजत दे दी है। लेकिन यहां पर एक शर्त है। यह नेता चुनाव लड़ सकते हैं। लेकिन आवामी लीग के सिंबल पर नहीं। इन्हें निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरना होगा। यानी पार्टी पर बैन बरकरार है।

चुनाव में कौन-कौन उम्मीदवार होंगे?

पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी को आगामी चुनावों में सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा है। अंतरिम सरकार द्वारा प्रतिबंधों में ढील दिए जाने के बाद चुनावी राजनीति में वापसी करने वाली जमात-ए-इस्लामी पार्टी भी दावेदारों में शामिल है।

बांग्लादेश की सबसे बड़ी इस्लामी पार्टी, जमात को 2013 के एक अदालती फैसले के बाद चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी गई थी, जिसमें कहा गया था कि एक राजनीतिक दल के रूप में उसका पंजीकरण देश के धर्मनिरपेक्ष संविधान के विपरीत है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
**प्रबन्धक**
अनूप मिश्रा
**ऑफिस मो.:**
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# अमेरिकी संसद अचानक ऐसे घुसे मोदी-पुतिन, हिल गई दुनिया




**अमेरिका**

**पीएम** मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादमीर पुतिन को अपनी गाड़ी में क्या बिठाया कि दोनों एक साथ अमेरिका की संसद तक पहुंच गए। अमेरिका की संसद में पीएम मोदी और पुतिन की धमाकेदार एंट्री हुई है। पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन की इस तस्वीर ने पूरी दुनिया में तहलका मचा दिया है। तहलका भी ऐसा कि कई देश असहज महसूस कर रहे हैं। दरअसल डोनाल्ड ट्रंप की हरकतों की वजह से पीएम मोदी और पुतिन की तस्वीर को अमेरिका की संसद में दिखाया गया है। अमेरिका के विपक्षी सांसद पीएम मोदी और पुतिन की इसी तस्वीर को लेकर डोनाल्ड ट्रंप पर टूट पड़े। अमेरिका की संसद में क्या धमाका हुआ है वह आपको इस वीडियो में बताते हैं। दरअसल अमेरिका की पार्लियामेंट में डेमोक्रेटिक सांसद सिडनी कामलेगर ने ट्रंप की विदेश नीति की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि डॉनल्ड ट्रंप की वजह से भारत अब पूरी तरह से रूस की तरफ झुक गया है।

सिडनी काम लेगर ने पीएम मोदी और पुतिन की तस्वीर दिखाकर अमेरिका की संसद में क्या तहलका मचाया है वो भी बता देते हैं। कामलागर-डोव ने प्रशासन के भारत के प्रति रवैये की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि ट्रम्प की भारत के प्रति नीति को 'अपना ही नुकसान करना' कहा जा सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि व्हाइट हाउस की दबाव बनाने की रणनीति दोनों देशों के बीच दशकों से बने भरोसे को "वास्तविक और स्थायी क्षति" पहुंचा रही है। मोदी-पुतिन की बड़ी सेल्फी की ओर इशारा करते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि यह पोस्टर हजार शब्दों के बराबर है। पीएम मोदी और पुतिन की इसी तस्वीर को देख ट्रंप ने अपनी खोखली अकड़ को और ऊंचा करते हुए भारत के चावल पर टेरिफ लगाने की धमकी दे दी। लेकिन अब इसी तस्वीर को लेकर अमेरिका के विपक्षी दल डोनाल्ड ट्रंप पर टूट पड़े हैं।

अमेरिका के रणनीतिक साझेदारों को दुश्मनों की गोद में धकेलकर नोबेल शांति पुरस्कार नहीं जीता जा सकता। सांसद ने इस समय की गंभीरता को समझने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि दबाव डालने वाले साझेदार होने की कीमत चुकानी पड़ती है और भारत के साथ संबंधों को सुधारने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस में दोनों पक्षों के सदस्य इस स्थिति की गंभीरता को समझते हैं और उन्हें अत्यंत तत्परता से कदम उठाने चाहिए।

भारत को निशाना बनाकर 50% टैरिफ लगाना, जो किसी भी देश पर लगाए गए सबसे ऊंचे टैरिफ में से एक है, ने हमारे दोनों देशों के बीच नेतृत्व स्तर की बैठकों को प्रभावी रूप से बाधित कर दिया है। फिर भी, रूसी तेल के आयात पर भारत के नाम से लगाया गया 25% टैरिफ काफी बेमानी लगता है, जब स्टीव विटकॉफ पुतिन के सलाहकारों के साथ गुप्त सौदे कर रहे हैं ताकि कुछ व्यावसायिक निवेश के बदले यूक्रेन को बेच दिया जाए। टैरिफ के अलावा, ट्रंप ने अमेरिका और भारत के बीच लोगों के आपसी संबंधों पर भी हमला किया है। एच-1बी वीजा पर 100,000 डॉलर का शुल्क, जिनमें से 70% भारतीयों के पास हैं।